दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 18 दिसम्बर -2025 ● वर्ष : 10 अंक : 359 पेज - 08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## लोकसभा में आज वायु प्रदूषण पर होगी चर्चा
# पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव देंगे सवालों के जवाब

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नियम 193 के तहत प्रदूषण पर चर्चा होगी। सांसदों द्वारा देश भर में बढ़ते वायु और जल प्रदूषण, दिल्ली जैसे शहरों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता, औद्योगिक प्रदूषण और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव पर चिंता व्यक्त किए जाने की उम्मीद है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इस चर्चा की मांग कर रहे हैं और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद के अंदर और बाहर बार-बार इस पर जोर दिया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव



इस चर्चा का जवाब देंगे, जो बिना मतदान के होगी, लेकिन इसे महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर संसदीय ध्यान आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संसद के शीतकालीन सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जी-राम-जी बिल, प्रदूषण जैसे मुद्दों को लेकर टकराव जारी है। संसद के शीतकालीन सत्र का आज 13वां दिन है। सत्र के अंतिम चरण में पहुंचते ही सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच राजनीतिक तकरार चरम पर पहुंच गई है। आज सदन की कार्यवाही में सबसे महत्वपूर्ण केंद्र 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' बिल, 2025 रहने वाला है। यह चर्चा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी और आजीविका सुरक्षा पर केंद्रित होगी।

उम्मीद जताई जा रही है कि इस बिल की बारीकियों पर करीब 6 घंटे तक बहस चलेगी, जिसमें विभिन्न दलों के सांसद अपनी राय रखेंगे। कांग्रेस ने अपने सभी लोकसभा सांसदों को 19 दिसंबर तक सदन में मौजूद रहने का व्हिप जारी किया है।

## ट्रैफिक दौड़ेगा सटासट, जल्द दो लेन का बनेगा एबीईएस कट
# सांसद अतुल गर्ग ने एनएचएआई के चेयरमैन से कहा जब तक नहीं हो चौड़ीकरण तब तक के लिए कट को खोला जाए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हमेशा से अपनी लोकसभा में जन सुविधाओं को लेकर एक्टिव रहते हैं। चाहे वो हवाई उड़ान हो या फिर सड़क का सफर हो। उनका प्रयास रहता है कि यातायात सुगम हो और जनताको इनसे कोई परेशानी ना हो। उन्होंने दिशा की बैठक में एक प्रस्ताव रखा था, इसपर काम हुआ था। लेकिन जब इस कट का बंद किया गया तो लोगों को खास तौर से गाजियाबाद के लोगों को असुविधा हुई। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के संज्ञान में यह मामला आया तो उन्होंने इसे एनएचएआई के चेयरमैन से लेकर जिलाधिकारी से बात की। अधिकारियों ने अपने तर्क दिये और सांसद ने अपने तर्क दिये। दैनिक करंट क्राइम ने इस पूरे मामले को लेकर लोकसभा सांसद





अतुल गर्ग से बात की। उन्होंने कहा कि यह एबीईएस कट का मामला है। इसे डबल लेन पास कराया गया है। इस पर काम होना है। टेंडर पास हो चुका है। उन्होंने बताया कि मैंने सांसद होते हुए दिशा की बैठक मं ये मामला उठाया था और उसमें इस कट के लिए प्रस्ताव पास कराया था। अब एक की जगह दो लेन में कट होगा तो यहां जाम नहीं लगेगा। सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि डबल लेन होने से सुविधा होगी लेकिन अब इस कट पर काम रोक दिया गया है और कट को बंद कर दिया गया है। यहां पर लोक सभा सांसद अतुल गर्ग ने बुधवार को दोपहर 12 बजे एनएचएआई के चेयरमैन आईएएस संतोष यादव से बात की। वहां से ये अवगत कराया गया कि चूंकि अभी प्रदूषण के चलते ग्रैप 4 लग गया है इसलिए काम चालू नहीं हो पायेगा। सांसद ने सुझाव दिया कि जब तक काम चालू ना हो तब तक ये कट खोल दिया जाये। इसके बाद सांसद अतुल गर्ग ने 7 बजे जिलाधिकारी से बात की। यहां सांसद ने ये तर्क रखा कि यह निर्माण का ना होकर रिपेयर का काम है और इस पर ग्रैप 4 के नियम लागू नहीं होते हैं। सांसद काप्रयास है कि जब इस कट पर डबल लैन हो जायेगी तो जाम नहीं लगेगा। लेकिन जब तक काम शुरू नहीं हो रहा तब तक इसे चालू कराया जाये। सांसद प्रयास कर रहे हैं और वो लगातार बात कर रहे हैं। अधिकारी जाम का तर्क दे रहे हैं और सांसद समस्या के समाधान पर जोर दे रहे हैं।

## ऑडिटोरियम के विचार पर ही मच गया रामलीला में घमासान
# अध्यक्ष ने कहा, ऑडिटोरियम बनवाएंगे कोषाध्यक्ष बोले, नहीं है इसकी कोई जरूरत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रामलीला से ज्यादा अपनी महाभारत को लेकर सुल्लामल रामलीला कमेटी में एक बार फिर घमासान मच गया है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि रामलीला को हाईटैक किया जायेगा। यहां पर सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक ऑडिटोरियम तैयार किया जायेगा। वहीं इस मामले में नया मोड तब आ गया जब दैनिक करंट क्राइम ने रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू से बात की। उन्होंने कहा कि रामलीला का मैदान चार चेहरों की प्रोपर्टी नही है। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम की फिलहाल कोई जरूरत नहीं है। उन्होंनें कहा कि यदि कुछ तैयार भी होना है तो उसका फैसला चार लोग नहीं बल्कि पहले कार्यकारिणी और आम बोर्ड बैठक में लिया जाता है। बहरहाल ऑडिटोरियम की ईंट लगने से पहले ही यहां पदाधिकारियों में ईंट से ईंट बजने की नौबत आ गयी है। मंगलवार को एक बैठक हुई थी और इस बैठक में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर कई अहम प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गयी। सर्वसम्मिति से निर्णय हुए। यहां पर जिस फैसले को लेकर कमेटी में ही फासले की नौबत आ गयी वो फैसला ऑडिटोरियम के निर्माण का फैसला है। इसके बाद दूसरा फैसला नव वर्ष के अवसर पर 1 जनवरी को सुन्दरकांड पाठ के आयोजन का फैसला है, और मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरण का फैसला है। चौथे प्रस्ताव में अयोध्या में भगवान श्रीराम की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर शोभा यात्रा निकालने का कार्यक्रम है और इसके बाद रामलीला मैदान में 5100 दीपक से दीप प्रज्वल्लित करने का फैसला लिया गया है।

### अध्यक्ष-उस्ताद एक तरफ और कोषाध्यक्ष एक तरफ!

करंट क्राइम। क्या सुल्लामल रामलीला कमेटी में सबकुछ सही नहीं चल रहा है। क्या कमेटी में फूट पड़ गयी है और ऐसा क्या है कि अचानक से ऑडिटोरियम की डिमांड उठ गयी। अगर कविनगर वालों ने ऑडिटोरियम बना लिया तो सुल्लामल वालों को ऑडिटोरियम बनाने का ख्याल आया है। सवाल ये भी उठा है कि क्या रामलीला में सबकुछ ठीक नहीं है। जिस बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुए उसमें खिचड़ी पर सहमति बनीं। उसमें सुन्दरकांड को लेकर कोई विरोध नहीं हुआ, उसमें 5100 दीपक भी जल गये लेकिन ऐसा क्या हुआ कि विवाद का रायता ऑडिटोरियम के नाम पर फैल गया।

मंगलवार की बैठक को प्रैसनोट में बुधवार का बताया गया और बैठक में अध्यक्ष अजय बंसल , महामंत्री नरेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा एयरपोर्ट अर्थोरिटी सलाहकार समिति के सदस्य संजीव मित्तल साधू, मंत्री प्रदीप मित्तल, लेखा परीक्षक रविन्द्र मित्तल, उस्ताद अशोग गोयल एक तरफ नजर आये और कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू एक तरफ नजर आये। वैसे इस सीन में सर्व सम्मति की बैठक में अनिल चौधरी भी दिखाई नहीं दिये हैं।

### दो करोड़ की लागत से जानकी भवन के ऊपर होगा ऑडिटोरियम का निर्माण : अजय बंसल



करंट क्राइम। सुल्लामल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि ऑडिटोरियम का निर्माण भव्य तरीके से किया जायेगा। पहले यह निर्माण राम भवन के ऊपर प्रस्तावित था लेकिन फिर ये तय हुआ कि जानकी भवन के ऊपर भव्य ऑडिटोरियम बनाया जाये। उन्होंने कहा कि 2 करोड़ की लागत से इस ऑडिटोरियम का निर्माण होगा। यह लगभग 400 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम बनेगा।

### रामलीला की जरूरत स्टेज का निर्माण है, ऑडिटोरियम की जरूरत नहीं : सुधीर गोयल मोनू



करंट क्राइम। रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने ऑडिटोरियम के विचार को ही गलत बताया। उन्होंने कहा कि हमें रामलीला कमेटी के सदस्यों ने रामलीला का आयोजन कराने के लिए चुना है ना कि 2 करोड़ रूपये खर्च कर ऑडिटोरियम बनवाने के लिए । उन्होंने कहा कि रामलीला कमेटी केवल एक मेरी या 7 लोगों की नहीं है इसमें 300 सदस्यों की सहमति है। सबका साथ और सबका विकास की सदभावना के साथ काम करना चाहिए। अभी जरूरत रामलीला के स्टेज को भव्य बनाने की है ना कि ऑडिटोरिम का निर्माण कराने की। पहले हम अशोक वाटिका और राम भवन के साथ साथ जानकी भवन की भव्यता पर ध्यान देंगे। इन भवनों का निर्माण जनता को कम दामों पर अधिक सुविधा वाले भवन देने के उद्देश्य से कराया गया है। कोई भी प्रस्ताव नियम से आता है। पहले कार्यकारिणी में पास होगा फिर सदस्यों की वार्षिक बोर्ड बैठक में पास होगा।

### ऑडिटोरियम में गरीब की शादी तो होने से रही : विनय सिंघल

करंट क्राइम। रामलीला कमेटी केपूर्व अध्यक्ष विनय सिंघल ने भी ऑडिटोरियम के विरोध में बिगुल बजा दिया। कमेटी में बहस छिड़ गयी। विनय सिंघल ने कहा कि मेरा सभी पदाधिकारियों से अनुरोध है कि जैसे आपने राम भवन को ठीक किया, पहले आप अशोक वाटिका और जानकी भवन को सुन्दर बनायें। जिससे गरीब जनता को अच्छा लगे। किसी भवन को तोड़कर आप उस पर ऑडिटोरियम बनाना चाहते हैं उसमें कोई गरीब की शादी तो होने से रही। क्योंकि ऑडिटोरियम का रख रखाव बहुत करना पड़ता है। वैसे भी आप चुनिंदा पदाधिकारी ऐसे बिना हाउस के कैसे निर्णय ले सकते हैं। आप पहले कार्यकारिणी की सभा बुलायें।



# स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण और स्वर्गीय गरिमा नारायण पंचतत्व में विलीन

## दैनिक करंट क्राइम परिवार के गौरव शशि नारायण के गम में शामिल होने उमड़ा पूरा समाज





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम के प्रमुख संवाददाता गौरव शशि नारायण के लिए इस वर्ष का ये दिसम्बर का महीना और 16 दिसम्बर की तारीख बेहद क्रूर साबित हुई। इस तारीख और इस साल में उन्हें अपार दुःख और गम्भीर क्षति उठानी पड़ी है। उनके पिता लम्मी नारायण तथा गौरव शशि नारायण की पत्नी गरिमा नारायण का अचानक निधन हो गया। दोनों की मृत्यू हार्ट अटैक से हुई और जब तक परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंच पाते तब तक दोनों ने दम तोड़ दिया। इस हादसे से गौरव शशि नारायण पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिसने भी यह घटना सुनी हर कोई स्तब्ध रह गया। गौरव शशि नारायण चिरंजीव विहार के सैक्टर 5 में स्थित भवन संख्या 225 में अपने परिवार सहित रहते हैं। उनके पिता लक्ष्मी नारायण कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। मंगलवार की सुबह अचानक गौरव शशि नारायण के पिता लक्ष्मी नारायण की तबीयत खराब हुई। तभी भवन में प्रथम तल पर रहने वाली उनकी भाभी ने उन्हें आवाज लगाई। गौरव शशि नारायण तुरंत ही प्रथम तल पर पहुंचे। तब तक पिता की हालत बिगड़ गयी थी। इसी बीच उनकी पत्नी गरिमा नारायण भी आ गयीं। गौरव अभी अपने पिता को संभाल ही रहे थे कि अचानक गरिमा इस सदमें को बर्दाश्त नहीं कर सकीं और उनकी भी हालत बिगड़ गयी। गौरव शशि नारायण तत्काल ही परिजनों की मदद से अपनी पत्नी गरिमा और अपने पिता लक्ष्मी नारायण को लेकर अस्पताल की ओर भागे। इस दौरान गौरव शशि नारायण ने अथक प्रयास किये कि जिंदगी की ये डोर ना टूटे लेकिन अनहोनी तो होकर ही रही। और अस्पताल से थोड़ी दूरी पर ही गरिमा ने भी दम तोड़ दिया। परिवार में एक साथ दो मौत और पिता के साथ साथ पत्नी की मौत में गौरव शशि नारायण की मानों दुनिया ही उजाड़ दी। जिसने भी ये दुखद समाचार सुना वह तुरंत सर्वोदय अस्पताल की ओर दौड़ा। सभी ने गौरव शशि नारायण को सांत्वना दी, ढ़ांढ़स बंधाया। अपने पिता और अपनी पत्नी के पार्थिव शरीर को लेकर गौरव शशि नारायण चिरंजीव विहार स्थित अपने आवास पर आये। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का जमघट लग गया। बुधवार को सुबह हिंडन मोक्ष स्थल पर लक्ष्मी नारायण तथा गरिमा नारायण का अंतिम संस्कार किया गया। बेहद हृदय विदारक दृश्य था जब एक बेटे ने एक साथ अपने पिता और अपनी पत्नी को मुखाग्नि दी। गमगीन माहौल में यही सवाल था कि आखिर नियती इतनी क्रूर कैसे हो सकती है।

पत्रकारिता जगत, राजनीति और व्यापार वर्ग के गणमान्य लोग पहुंचे और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। दैनिक करंट क्राइम परिवार अपने साथी गौरव शशि नारायण के दुख में पूरी संवेदना के साथ शामिल है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा लक्ष्मी नारायण और दिवंगत आत्मा गरिमा नारायण को शांति प्रदान करें और उन्हें अपने चरणों में स्थान दें। गौरव शशि नारायण , उनके पुत्र शिवांश तथा भाभी और भतीजों सहित पूरे परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### सांसद डॉ. लक्ष्मीकान्त बाजपेयी ने निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया



करंट क्राइम। वरिष्ठ पत्रकार गौरव शशि नारायण के पूज्य पिताजी के उपरांत उनकी धर्मपत्नी का आकस्मिक निधन अत्यंत मर्माहत कर देने वाला है। एक ही परिवार पर अल्प समय में दु :ख का यह दोहरा आघात असहनीय है। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को यह अपार कष्ट सहन करने की शक्ति व संबल प्रदान करें।



# एक सुबह ने सब छीन लिया पिता, पत्नी और बचपन से मां

## 16 दिसंबर की वह सुबह, जिसने दैनिक करंट क्राइम के वरिष्ठ साथी गौरव शशि नारायण की जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। 16 दिसंबर की सुबह कोई साधारण सुबह नहीं थी। यह वह सुबह थी जिसने एक ही पल में एक बेटे से उसका पिता, एक पति से उसकी जीवनसंगिनी और एक मासूम बच्चे से उसकी मां छीन ली। दैनिक करंट क्राइम के वरिष्ठ साथी गौरव शशि नारायण के पिता शशि नारायण, जिनकी उम्र लगभग 75 वर्ष थी, लंबे समय से इलाज के दौर से गुजर रहे थे। गॉलब्लैडर का ऑपरेशन हो चुका था और उस दिन उन्हें अस्पताल जांच के लिए ले जाना था। घर में चिंता जरूर थी, लेकिन साथ ही यह उम्मीद भी थी कि हालात संभल जाएंगे। किसी को अंदेशा नहीं था कि यह सफर अस्पताल तक नहीं, बल्कि जीवन के अंतिम पड़ाव तक पहुंच जाएगा।

सुबह अचानक शशि नारायण की सांस फूलने लगी। पल भर में हालात बदल गए। गौरव और उनकी पत्नी गरिमा घबराकर उन्हें संभालने के लिए दौड़े, आवाजें दीं, हाथ थामे, लेकिन देखते ही देखते उनकी सांसें उखड़ने लगीं। एक झटका सा लगा और वह हाथ, जिसने उम्र भर बेटे को सहारा दिया था, अचानक ढीला पड़ गया। पिता इस दुनिया से विदा हो चुके थे। यह दृश्य गरिमा सह नहीं सकीं। अपने ससुर को इस तरह जाते देख उनका दिल मानो टूट गया और उसी क्षण उन्हें गंभीर हार्ट अटैक आ गया। एक तरफ पिता का निर्जीव शरीर था, दूसरी तरफ पत्नी की उखड़ती सांसें। गौरव कुछ समझ पाते, उससे पहले ही सब कुछ हाथ से फिसलने लगा। बेहद घबराहट और बेबसी में गौरव ने कांपते हाथों से गरिमा के मुँह में सोर्बिट्रेट की गोली रखी और अस्पताल की ओर भागे, लेकिन







नियति इससे भी अधिक निर्दयी साबित हुई। अस्पताल पहुंचने से पहले ही कुछ दूरी पर गरिमा की सांसें भी थम गईं। उस पल न कोई चीख बची, न कोई शब्द, न कोई सवाल–सब कुछ सन्न हो गया। एक ही सुबह में गौरव ने अपने पिता को भी खो दिया और अपनी जीवनसंगिनी को भी।

इस त्रासदी का सबसे दर्दनाक पहलू वह मासूम बच्चा है, जिसकी उम्र महज छह वर्ष है और जिसके सिर से एक ही दिन में मां का साया हमेशा के लिए उठ गया। अस्पताल में जैसे ही यह खबर फैली, मीडिया जगत और समाज के लोग भारी संख्या में वहां पहुंचने लगे। जिसने भी यह दोहरी मौत की कहानी सुनी, वह स्तब्ध रह गया। किसी को यकीन नहीं हो रहा था कि एक ही परिवार पर इतनी बड़ी आपदा एक साथ टूट सकती है।

प्राथमिक जांच के बाद दोनों पार्थिव शरीर घर लाए गए तो मोहल्ला रो पड़ा। हर घर में सन्नाटा और हर आंख में आंसू थे। सबसे कलेजा चीर देने वाला दृश्य तब सामने आया, जब मासूम बच्चा बार-बार एक ही सवाल दोहरा रहा था– 'मम्मी कब आएगी?' और किसी के पास कोई जवाब नहीं था।

गौरव, जो अब तक दूसरों के दर्द को शब्दों में पिरोते आए थे, आज खुद शब्दों से परे थे। जीवनसंगिनी के वियोग में बहते उनके आंसू हर देखने वाले का दिल भिगो रहे थे। 17 दिसंबर को ससुर और बहू का एक साथ अंतिम संस्कार हिंडन मोक्ष स्थल पर किया गया, जहां दुख की इस घड़ी में पूरा शहर उमड़ पड़ा। हर चेहरा गमगीन था, हर कदम भारी था। इस असहनीय पीड़ा के बीच जिन साथियों, मित्रों, मीडिया जगत के लोगों और समाज के नागरिकों ने गौरव को ढांढस बंधाया, कंधा दिया और हर पल साथ खड़े रहे, उनका यह साथ शायद आगे का जीवन जीने की ताकत बनेगा। दुख की इस घड़ी में मिला यह सहारा उनके लिए शब्दों से परे है।

आज भी वह बच्चा अपनी मां को तलाश रहा है। आज भी यह कहानी सुनने वाला हर व्यक्ति हैरान है, यकीन नहीं कर पा रहा। ईश्वर किसी के साथ ऐसा न करे–लेकिन मन के किसी कोने से एक ही सवाल उठता है–भगवान, तूने क्या किया?



# पॉल्यूशन पर एक्शन : दिल्ली में 50% वर्क फ्रॉम होम अनिवार्य

## बढ़ते प्रदूषण के बीच सरकारी-निजी हर दफ्तर पर आदेश होगा लागू








**बुधवार को एक्यूआई 329 पर बहुत खराब कैटेगरी में बना रहा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। कल यानी गुरुवार से दिल्ली के सभी सरकारी और निजी संस्थानों में 50 प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम जरूरी कर दिया गया है। यह फैसला प्रदूषण के स्तर को कम करने और सड़कों पर वाहनों की संख्या घटाने के लिए लिया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर भारी जुमार्ना लगाया जाएगा।

ग्रेप-3 नियमों के तहत निर्माण कार्यों पर लगी रोक से प्रभावित रजिस्टर्ड कंस्ट्रक्शन मजदूरों को दिल्ली सरकार 10 हजार रुपये का मुआवजा देगी।

दिल्ली कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने ऐलान किया कि कल से दिल्ली के सभी सरकारी और निजी संस्थानों में 50 प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम करना अनिवार्य होगा। श्रम विभाग ने फैसला लिया है कि ग्रेप-3 के दौरान 16 दिन निर्माण कार्य बंद रहने से प्रभावित रजिस्टर्ड मजदूरों को दिल्ली सरकार सीधे खाते में 10,000 रुपये का मुआवजा देगी। ग्रेप-4 खत्म होने के बाद भी इसी आधार पर राहत दी जाएगी। नियमों का पालन न करने वाले संस्थानों पर जुमार्ना लगाया जाएगा।

**दिल्ली की एक्यूआई बहुत खराब... :** दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स बुधवार को 329 पर बहुत खराब कैटेगरी में बना रहा, जिससे पिछले तीन दिनों से राजधानी में छाए गंभीर प्रदूषण से कुछ सुधार हुआ है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली भर के सभी मॉनिटरिंग स्टेशनों पर सुबह 7 बजे एक्यूआई गंभीर रेंज से नीचे था, कुछ इलाकों में यह खराब जोन में रिकॉर्ड किया गया।

तेज हवाओं और कम होते कोहरे की वजह से मंगलवार को प्रदूषण का स्तर गंभीर कैटेगरी से बाहर आ गया। 24 घंटे का एक्यूआई 354 पर रहा। सीपीसीबी के मुताबिक, 0 से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बहुत खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' माना जाता है।

पिछले तीन दिनों से राष्ट्रीय राजधानी में छाए घने स्मॉग ने फ्लाइट और ट्रांसपोर्ट सेवाओं पर भारी असर डाला था। यह कई सड़क दुर्घटनाओं का कारण बना। हालांकि, यह बुधवार सुबह काफी हद तक साफ हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली और उसके आस-पास के इलाकों में दिन भर मध्यम कोहरे का अनुमान लगाया है, जिसमें अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 24 डिग्री सेल्सियस और 10 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

### राजधानी में सख्त पाबंदियां...

इस मौसम में दिल्ली में अभी तक शीतलहर का अनुभव नहीं हुआ है और जिस तरह की सर्दी के लिए यह शहर जाना जाता है, अभी वो वक्त नहीं आया है। शहर और नेशनल कैपिटल रीजन में छाया कोहरा मुख्य रूप से खतरनाक हवा के कारण था। बिगड़ते एयर क्वालिटी लेवल के कारण राजधानी में गेप 4 प्रभावी है, जो प्रदूषण पर सबसे सख्त पाबंदियां हैं। इसके अलावा, मंगलवार को दिल्ली सरकार ने और भी सख्त पाबंदियों की घोषणा की, जिसमें पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट नहीं रखने वाले वाहनों को ईंधन न देना और मानदंडों से नीचे के गैर-दिल्ली वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाना शामिल है।

# संसद के अंदर ई-सिगरेट पीने का मामला

## भाजपा ने जारी किया संसद के अंदर का वीडियो



**अनुराग ठाकुर ने शिकायती पत्र के जरिए कार्रवाई की मांग की**

**नई दिल्ली।** लोकसभा के अंदर ई-सिगरेट पीने का मामला गरमाता जा रहा है। भाजपा ने बुधवार को टीएससी पर निशाना साधते हुए सदन के अंदर का वीडियो शेयर किया है। बता दें कि पिछले शुक्रवार को तृणमूल सांसद के खिलाफ भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। भाजपा की ओर साझा किए गए इस वीडियो में टीएमसी के सांसद सदन के अंदर ई सिगरेट पीते नजर आ रहे हैं।

भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि जिस टीएमसी सांसद पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने संसद के अंदर ई सिगरेट पीने का का आरोप लगाया है, वह कोई और नहीं बल्कि कीर्ति आजाद हैं। उनके जैसे लोगों के लिए नियम और कानून साफ तौर पर कोई मायने नहीं रखते। जरा हिम्मत तो देखिए, सदन में रहते हुए हथेली में ई-सिगरेट छिपा रखी थी! भाजपा नेता ने आगे लिखा कि हो सकता है कि धूम्रपान करना गैर-कानूनी न हो, लेकिन संसद में इसका इस्तेमाल करना बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। ममता बनर्जी को अपने सांसद के इस गलत व्यवहार पर सफाई देनी चाहिए।

इस मामले के सामने आने के बाद अनुराग ठाकुर ने स्पीकर ओम बिरला से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने की मांग की थी। इस पर स्पीकर ने उन्हें आश्वस्त किया था कि किसी भी तरह के नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सदन के नियमों के मुताबिक समुचित जांच कराई जाएगी।

अनुराग ठाकुर के शिकायती पत्र में लिखा, लोकसभा जैसी पवित्र संस्था, जिसे भारतीय लोकतंत्र का सैंक्टम सैंक्टोरम (सबसे पवित्र जगह) कहा जाता है, में प्रतिबंधित पदार्थ और निषिद्ध उपकरण का उपयोग किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता। यह कृत्य संसदीय गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है और सदन की कार्यवाही की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता है।

ठाकुर ने पत्र में आगे लिखा, ई-सिगरेट और निकोटिन से जुड़े उत्पादों पर सरकार और संसद ने स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगाया है। ऐसे में सदन के अंदर उनका उपयोग न केवल संसदीय अनुशासन को तोड़ता है, बल्कि देश के युवाओं के लिए गलत संदेश भी देता है। अनुराग ठाकुर ने इसे गंभीर विधिक और नैतिक उल्लंघन बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से आग्रह किया है कि इस घटना का तत्काल संज्ञान लिया जाए। सदन की उपयुक्त समिति या तंत्र के माध्यम से पूरे मामले की जांच कराई जाए, संबंधित सांसद के खिलाफ नियमों के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाए और ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया जाए जिससे भविष्य में कोई भी सदस्य सदन की मयार्दा का उल्लंघन करने का साहस न कर सके।

## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

# डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा का नाम बदलने पर विरोध जताया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को निरस्त करने की साजिश रची जा रही है। पुरानी योजना मनरेगा को निरस्त करने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से पेश विधेयक चिंताजनक है। यह एक ऐतिहासिक अधिकार आधारित कानून है जिसे कमजोर करने और महात्मा गांधी के नाम को मिटाने की सोची समझी चाल है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह नाम बदलना भाजपा और आरएसएस की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूल्यों के प्रति लंबे समय से चली आ रही असहयोगिता और अविश्वास को दशार्ता है। महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा सरकार इस अधिनियम के जरिए ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को काम के कानूनी अधिकार से वंचित करना चाहती है। केंद्र सरकार की इस मनमानी को हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव, पूर्व जिला अध्यक्ष बिजेंद्र यादव, कमलेश कुमारी डोली त्यागी, एससी एसटी विभाग जिला अध्यक्ष प्रेमी, आशुतोष गुप्ता, अश्वनी त्यागी, मनोज कुमार राय, नीरज प्रजापति, सुरेश दोसा, अनवर कुरेशी, आबिद अली, शिवदत्त अधना, हरिओम गुप्ता, सूर्यकांत, रवि शंकर, सूर्य मोहसिन, राजीव शर्मा, बबलू शर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 'बंगाल की सत्ता में तृणमूल के आने के बाद औद्योगीकरण घटा', भाजपा ने सीएम ममता बनर्जी की सरकार को घेरा



**कोलकाता।** बीजेपी ने पश्चिम बंगाल में औद्योगीकरण ठप होने का आरोप लगाते हुए तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा राज्य में जब से तृणमूल कांग्रेस सत्ता में आई है, तब से पश्चिम बंगाल औद्योगीकरण से जूझ रहा है। इसको लेकर बीजेपी ने राज्य में औद्योगीकरण की स्थिति पर एक बुकलेट जारी किया है। जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि राज्य में रोजगार पैदा करने के लिए बड़े उद्योग लगाना समय की जरूरत है।

मामले को लेकर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सामिक भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि बड़े औद्योगिक घरानों ने पश्चिम बंगाल छोड़ दिया है, जिससे राज्य में औद्योगीकरण की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के सिंगूर और नंदीग्राम में हुई घटनाओं ने देश भर के उद्योगपतियों को गलत संदेश दिया है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल को फिर से औद्योगीकरण करने का एकमात्र समाधान बड़े उद्योग लगाना है और किसानों से ली गई जमीन पर बनने वाली इकाइयों में उन्हें मालिकाना हक दिया जाना चाहिए।

इसी मामले पर बोलते हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि 2015 से कोलकाता में हो रहे बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) एक 'फ्लॉप शो' रहे हैं। अधिकारी कहा, इन समिट को आयोजित करने में जो लागत आती है, वह उन फायदों से कहीं ज्यादा है जो जमीनी स्तर पर होने वाले असल निवेश के मामले में पश्चिम बंगाल को मिलने चाहिए थे।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल का आंतरिक कर्ज बहुत ज्यादा बढ़ गया है। राज्य को ऊपर उठाने का एकमात्र समाधान बड़े उद्योग लगाना है। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल को जो बड़े निवेश मिले हैं, वे केंद्र सरकार के उपक्रमों से किए गए हैं, चाहे वह एयरपोर्ट, रेलवे, बंदरगाह, सड़कें या पेट्रोलियम सेक्टर हो। बता दें कि पश्चिम बंगाल सरकार राज्य की औद्योगिक प्रगति को उजागर करने के लिए 18 दिसंबर को शहर में एक व्यापार सम्मेलन आयोजित करेगी।

# बेमौत मर गई अनोखी: कंपाउंडर ने लगा दिया 'मौत' का इंजेक्शन



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां खांसी का इलाज कराने क्लीनिक पहुंची एक 52 वर्षीय महिला की इंजेक्शन लगाते ही मौत हो गई। महिला के परिजनों ने कंपाउंडर पर गलत इंजेक्शन लगाने का गंभीर आरोप लगाया है, जिसके बाद क्लीनिक संचालक पर भी निशाना साधा जा रहा है। इस घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**इंजेक्शन लगते ही निकलने लगा अनोखी के मुंह से झाग :** यह दुखद घटना बुलंदशहर नगर पालिका के सामने स्थित एनके गोयल क्लीनिक में हुई। मिली जानकारी के अनुसार, अनोखी उर्फ सुक्की नामक महिला खांसी से पीड़ित थीं और इलाज के लिए इसी क्लीनिक में पहुंचीं। कंपाउंडर द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के तुरंत बाद, महिला की हालत बिगड़ने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला के मुंह से झाग निकलने लगे और देखते ही देखते उन्होंने दम तोड़ दिया।

**परिजनों का आरोप और हंगामा :** महिला की अचानक मौत से आक्रोशित परिजनों ने क्लीनिक में जमकर हंगामा किया। उनका सीधा आरोप है कि कंपाउंडर ने लापरवाही बरतते हुए गलत इंजेक्शन लगाया, जिसके कारण उनकी बेटी की जान गई। परिजनों ने क्लीनिक संचालक पर भी कार्रवाई की मांग की है।

**पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई :** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई।

# प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मियों को दिए गए प्रमाण पत्र






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस यानी आईटीएस में ट्रैफिक पुलिस एवं अधिकारियों के लिए 11 दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन के मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी, पुलिस उपायुक्त त्रिगुण बिसेन, सहायक पुलिस आयुक्त जियाउद्दीन ने पुलिस कर्मियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। 11 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 नवंबर से शुरू हुआ था इसके तहत 'व्यावहारिक दृढ़ता एवं सार्वजनिक संवाद को सशक्त बनाना, विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 570 पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। आईटीएस के अध्यक्ष आरपी चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चढ़ढा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पुलिस अधिकारियों को बधाई दी।

# भारत में आम लोगों के हाथ आएंगे एटमी उपकरण ?: परमाणु ऊर्जा कानून में बदलाव का प्रस्ताव







**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लोकसभा में सिविल न्यूक्लियर कानून में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। इसके जरिए सरकार अब परमाणु ऊर्जा पर सरकार का एकाधिकार खत्म करने की तैयारी कर रही है। अगर मौजूदा कानून को बदलने के लिए लाया गया विधेयक स्वीकार होता है तो आने वाले दिनों में भारत में निजी कंपनियां और यहां तक कि आम व्यक्ति भी परमाणु संयंत्र के निर्माण और इसके संचालन जैसी गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। केंद्रीय विज्ञान-तकनीक मामलों के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में इससे जुड़ा विधेयक पेश किया। बुधवार को इस पर चर्चा शुरू हुई। बताया गया है कि इस विधेयक को कानून बनवाकर सरकार 2047 तक कुल 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा पैदा करने के लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास कर रही है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर इस विधेयक में क्या प्रस्ताव हैं, जिन्हें लेकर देशभर में चचार्एं जारी हैं? इससे परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल के नियम किस तरह बदल जाएंगे? अगर निजी और आम लोगों को परमाणु उपकरण के इस्तेमाल की इजाजत होगी तो इसकी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? अगर ऐसे में कोई हादसा हो जाता है तो इससे कैसे निपटा जाएगा? इसके अलावा सरकार का यह कदम महत्वपूर्ण क्यों है?

**क्या हैं सिविल न्यूक्लियर कानून में बदलाव का प्रस्ताव? :** सिविल न्यूक्लियर कानून में बदलाव के लिए जो विधेयक लाया गया है, उसे सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (रलअठळक), 2025 नाम दिया गया है। इसके जरिए सरकार परमाणु ऊर्जा कानून (एटॉमिक एनर्जी एक्ट), 1962 और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 को वापस ले लेगी। मौजूदा समय में भारत में परमाणु पदार्थों, ऊर्जा और उपकरणों के इस्तेमाल को लेकर यही दोनों कानून दिशा-निर्देश तय करते हैं।

**नए विधेयक में क्या? :** शांति, 2025 विधेयक में परमाणु ऊर्जा के उत्पादन, इस्तेमाल और नियमन के लिए एक नया वैध ढांचा तैयार करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा रेडिएशन के मानकों को लेकर भी इस विधेयक में कई नियम शामिल किए गए हैं। विधेयक में कहा गया है कि परमाणु ऊर्जा भारत की स्वच्छ ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी अहम है। खासकर जैसे-जैसे ऊर्जा की मांग वाली तकनीक जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डाटा सेंटर्स और उत्पादन की मांग बढ़ती जा रही है।

**कैसे सरकार तय करेगी परमाणु गतिविधियों का विनियमन? :** विधेयक में कहा गया है कि सभी परमाणु और इससे होने वाले उत्सर्जन से जुड़ी गतिविधियों के लिए केंद्र सरकार और परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) से सुरक्षा मंजूरियां लेनी होंगी।

इस विधेयक के जरिए परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड की शक्तियां बढ़ाई गई हैं। अब एईआरबी सुरक्षा, रेडिएशन, परमाणु कचरे के प्रबंधन, जांच और आपात स्थिति को लेकर ज्यादा शक्तिशाली होगा।

सरकार के पास रेडियोएक्टिव पदार्थों या रेडिएशन से जुड़े उपकरणों के नियंत्रण का भी अधिकार होगा, ताकि किसी सुरक्षा खतरे की स्थिति में सरकार खुद व्यवस्था को अपने हाथ में ले सके।

**अगर परमाणु ऊर्जा से जुड़ा हादसा हुआ तो कौन होगा जिम्मेदार? :** परमाणु ऊर्जा अगर भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सहायक है तो इसका गलत प्रबंधन हादसों को भी बुलावा दे सकता है। ऐसे में सरकार ने विधेयक में परमाणु हादसों को ध्यान में रखते हुए कुछ नियम बनाए हैं।

इसके तहत किसी भी दुर्घटना की स्थिति में परमाणु ऊर्जा से जुड़े केंद्र के संचालक को सबसे पहले घटना के लिए जिम्मेदार माना जाएगा और उसे नुकसान की भरपाई करनी होगी इसमें कहा गया है कि परमाणु केंद्र का संचालक हर तरह के नुकसान और तबाही के लिए जिम्मेदार होगा, सिवाय किसी खतरनाक प्राकृतिक आपदा से हुई तबाही के। यानी अगर कोई प्राकृतिक आपदा ऐसी है, जिसमें तमाम सुरक्षा मानकों का पालन करने के बावजूद नुकसान को नहीं रोका जा सकता, उस स्थिति में संचालक की जिम्मेदारी सीमित या नहीं होगी।

इसके अलावा सशस्त्र संघर्ष, गृह युद्ध, आतंकवाद की घटना या विद्रोह की स्थिति में भी परमाणु इंस्टॉलेशन के संचालक की जिम्मेदारी सीमित या तय होगी।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली | गुरुवार 18 दिसम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट


Singh Vandana is with Vandana Singh.
11m
मुझसे उलझने से पहले मेरा पेशा जान लेना
मैं एडवोकेट हु दलिलो से हराना मेरी फितरत हैं



# SIR रिपोर्ट : साहिबाबाद सबसे कमजोर, मुरादनगर सबसे आगे

## लोनी, गाजियाबाद और मोदीनगर की स्थिति औसत




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की 17 दिसंबर को दोपहर 12:02 बजे तक जारी स्थिति रिपोर्ट ने गाजियाबाद जिले की मतदाता सूची सुधार की वास्तविक तस्वीर सामने रख दी है। रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल मतदाताओं का लगभग 63.68 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है, लेकिन विधानसभा स्तर पर स्थिति एक समान नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि कहीं बीएलओ सत्यापन की रफ्तार संतोषजनक है तो कहीं बड़ी संख्या में फॉर्म अप्राप्य, स्थायी रूप से स्थानांतरित और अनकलेक्टेबल श्रेणी में अटके हुए हैं। रिपोर्ट में साहिबाबाद विधानसभा सबसे कमजोर, मुरादनगर सबसे बेहतर, जबकि लोनी, गाजियाबाद और मोदीनगर मध्यम स्थिति में नजर आ रही हैं। यह स्थिति आने वाले समय में चुनावी तैयारियों के लिए अहम संकेत दे रही है।

### साहिबाबाद विधानसभा
#### सबसे कमजोर कड़ी

करंट क्राइम। एसआईआर रिपोर्ट में साहिबाबाद विधानसभा की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक सामने आई है। यहां मतदाता सूची का डिजिटाइजेशन लगभग 54 प्रतिशत तक ही सीमित है, जो जिले की सभी विधानसभाओं में सबसे कम है। बड़ी संख्या में फॉर्म अप्राप्य और स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं की श्रेणी में दर्ज हैं। अनकलेक्टेबल फॉर्म का आंकड़ा बेहद ऊंचा होने के कारण साहिबाबाद में अभियान की गति पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### लोनी विधानसभा
#### सबसे ज्यादा मतदाता, सबसे ज्यादा दबाव

करंट क्राइम। लोनी विधानसभा में कुल 5.32 लाख से अधिक मतदाता दर्ज हैं, जो जिले में सर्वाधिक हैं। यहां एसआईआर डिजिटाइजेशन लगभग 65.7 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। हालांकि बड़ी आबादी और लगातार स्थान परिवर्तन के कारण 1.77 लाख से अधिक फॉर्म अब भी अनकलेक्टेबल श्रेणी में हैं। आंकड़े दशार्ते हैं कि लोनी में काम चल रहा है, लेकिन दबाव सबसे अधिक इसी विधानसभा पर है।

### गाजियाबाद विधानसभा : संतुलित स्थिति, चुनौती बरकरार

करंट क्राइम। गाजियाबाद विधानसभा में कुल 4.68 लाख से अधिक मतदाता हैं और यहां डिजिटाइजेशन करीब 66.5 प्रतिशत दर्ज किया गया है। स्थिति औसत कही जा सकती है, लेकिन 1.56 लाख से अधिक फॉर्म अभी भी समस्या श्रेणी में हैं। यदि फील्ड सत्यापन और तेज नहीं हुआ तो यह विधानसभा भी पिछड़ सकती है।

### मोदीनगर विधानसभा
#### बेहतर सुधार, फिर भी सतर्कता जरूरी

करंट क्राइम। मोदीनगर विधानसभा में एसआईआर अभियान अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है। यहां डिजिटाइजेशन लगभग 78.8 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जो जिले में उच्च स्तर माना जा रहा है। हालांकि यहां भी 70 हजार से अधिक फॉर्म अनकलेक्टेबल श्रेणी में दर्ज हैं, जिससे स्पष्ट है कि सुधार के साथ निरंतर निगरानी आवश्यक है।

### मुरादनगर विधानसभा
#### जिले में सबसे बेहतर एसआईआर प्रदर्शन

करंट क्राइम। मुरादनगर विधानसभा ने रिपोर्ट में जिले में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है। यहां मतदाता सूची का डिजिटाइजेशन लगभग 69 प्रतिशत तक हो चुका है। बीएलओ सत्यापन और फील्ड रिपोर्टिंग अन्य विधानसभाओं की तुलना में बेहतर रही है, हालांकि यहां भी अनकलेक्टेबल फॉर्म की संख्या पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है।

**निष्कर्ष :** एसआईआर की यह रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि गाजियाबाद जिले में मतदाता सूची सुधार अभियान की गति विधानसभा दर विधानसभा अलग-अलग है। साहिबाबाद में तत्काल विशेष ध्यान, लोनी में जनसंख्या दबाव के अनुरूप रणनीति, गाजियाबाद में निगरानी बढ़ाने, मोदीनगर में गति बनाए रखने और मुरादनगर को मॉडल के रूप में आगे बढ़ाने की आवश्यकता सामने आई है। आने वाले दिनों में यही आंकड़े तय करेंगे कि कौन सी विधानसभा मतदाता सूची सुधार में आगे रहती है और कौन पीछे छूटती है।



# नगर निगम की बोर्ड बैठक डेट को लेकर स्थिति नहीं है क्लियर

## पार्षदों को भी है मेयर के लैटर का वेट




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों नगर निगम में कार्यकारिणी का चुनाव और कार्यकारिणी के चुनाव के साथ ही साल का बजट पास कर दिया गया था। वही नगर निगम की बोर्ड बैठक दिसंबर माह में किस डेट को होगी, इसका सस्पेंस बरकरार है। पहले कहा जा रहा था कि एसआईआर के अभियान के बाद लेकिन अब जब अभियान की डेट 25 दिसंबर तक बढ़ गई है, तो फिर स्थिति सस्पेंस वाली चल रही है। उधर नगर निगम के पार्षदों का कहना है कि 19 दिसंबर से उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र है। तो ऐसे में फिर एक बार रुकावट हो सकती है, पर संभावना है कि इस साल की अंतिम बोर्ड बैठक दिसंबर माह में आयोजित हो जाएगी। इसके लिए सभी को मेयर के लैटर का वेट है।

### कभी अभियान तो कभी सदन की मजबूरी

#### डेट नहीं है फिक्स, दिसंबर में रहेगा वेट : प्रवीण चौधरी



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के पार्षद और नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी का कहना है कि अभी बोर्ड बैठक को लेकर कोई डेट फिक्स नहीं है लेकिन उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र भी है और इसी बीच कुछ अभियान भी चल रहे हैं, ऐसे में देखा जा रहा है कि कब नगर निगम बोर्ड बैठक कराई जाए ताकि शहर के हित और विशेष मुद्दों पर वार्ता और चर्चा हो सके।

#### पार्षद गौरव सोलंकी बोले महापौर के बुलावे का है इंतजार



करंट क्राइम : इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के नदिया पार के पार्षद गौरव सोलंकी का कहना है कि नगर निगम की बोर्ड बैठक होनी चाहिए ,उनको महापौर के बुलावे का इंतजार है। बोर्ड बैठक होगी तो विकास कार्यों के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी साथ ही वो बात रखी जाएगी जो शहर हित में काम आए।

#### पार्षद मनोज त्यागी ने कहा शहर विकास के लिए बैठक जरूरी



करंट क्राइम : इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद मनोज त्यागी का कहना है कि शहर विकास के लिए आवश्यक है कि समय-समय पर बोर्ड की बैठक होनी चाहिए। बीते दिनों कार्यकारिणी की बैठक हुई थी अब बोर्ड बैठक का इंतजार है ताकि अन्य कार्यों पर चर्चा हो।

#### पार्षद शशि गौतम ने कहा इसी महीने हो बोर्ड बैठक




करंट क्राइम : नगर निगम की पार्षद शशि गौतम का कहना है कि नगर निगम में बोर्ड बैठक जल्द ही होनी चाहिए। बोर्ड बैठक न होने की वजह से शहर के तमाम मुद्दे थमे हुए हैं। साथ ही अन्य समस्याएं भी आती रहती हैं। उसके लिए बोर्ड बैठक जरुरी है। इसलिए जल्द ही बैठक हो।

#### कर रहे हैं बैठक के बुलावे का इंतजार : हिमांशु शर्मा



करंट क्राइम : भाजपा के पार्षद हिमांशु शर्मा का कहना है कि नगर निगम की बोर्ड बैठक का इंतजार है। पार्षदों के कई विषय रहते हैं अगर समय-समय पर बैठक होती रहें तो मामले हल होते रहते हैं और जनता को भी इसका लाभ मिलता है।

# नितिन नबीन की नियुक्ति से भाजपा ने फिर दिखाया संगठन पर भरोसा : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नितिन नबीन ने दिल्ली पहुंचकर भाजपा कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। नितिन नबीन को परसों कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया था। भाजपा कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और पदासीन कराया। कल दिल्ली हवाई अड्डे उनका भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री समेत दिल्ली के मुख्य मंत्री और मंत्रीगण , दिल्ली के सांसदों ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया।



नितिन नबीन का जन्म वर्तमान झारखंड के रांची में जन्म हुआ था। वर्तमान में वे नीतीश सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं। पिछले सात बार से विधायक हैं। ये संघ , विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से आते हैं। नितिन नबीन के पिता वन। श्री नबीन किशोर सिन्हा भी जनसंघ से विधायक रहे हैं। पिता की मृत्यु के बाद वे पढ़ाई छोड़कर राजनीति में आ गए। उनकी आयु 45 वर्ष है। पार्टी ने एक कम जाने पहचाने चेहरे को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। एक समय में भाजपा में राष्ट्रीय स्तर पर बिल्कुल अनजान नितिन गडकरी को भी ऐसे ही अध्यक्ष बनाया था। वे भी महाराष्ट्र में पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर रहे। नितिन गडकरी तो महाराष्ट्र के पार्टी के अध्यक्ष रहे लेकिन नितिन नबीन प्रदेश के अध्यक्ष भी नहीं रहे।

भाजपा की ये ही विशेषता है कि पार्टी के सभी नेता उनके नियुक्ति की विशेषताओं का उल्लेख कर रहे हैं। सबसे कम आयु के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने का उन्हें अवसर मिला है। संगठन के सभी कार्यकर्ता उनमें असीम संभावनाएं देख रहे हैं। नितिन नबीन को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर बहुत बहुत शुभकामनाएं।

### प्रमुख बिंदु



1. नितिन नबीन ने दिल्ली पहुंचकर भाजपा कार्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया, शीर्ष नेतृत्व ने औपचारिक रूप से पदासीन कराया।
2. राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा स्वागत किया जाना संगठन में उनके कद को दर्शाता है।
3. दिल्ली हवाई अड्डे पर राष्ट्रीय महामंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्रीगण और सांसदों की मौजूदगी ने राजनीतिक संदेश दिया।
4. झारखंड (रांची) से आने वाले नितिन नबीन संघ और विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से हैं, सात बार विधायक और वर्तमान में पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं।
5. कम चर्चित चेहरे को बड़ी जिम्मेदारी देकर भाजपा ने संगठन में संभावनाओं और युवा नेतृत्व पर भरोसा दोहराया।

# सबको रोता छोड़कर चला गया ये मुस्कुराता हुआ चेहरा

## नम आंखों से दी गयी व्यापारी नेता अशोक अग्रवाल और उनके भतीजे को गमगीन माहौल में अंतिम विदाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किसी को यकीन ही नहीं हो रहा कि मशहूर उद्योगपति, व्यापारी नेता, समाजसेवी अशोक अग्रवाल नमक वाले अब दुनिया में नहीं रहे। एक सड़क हादसे में उद्योग जगत का यह मुस्कुराता हुआ चेहरा सबको रोता छोड़कर चला गया। अशोक अग्रवाल बेहद मिलनसार और हसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे। कम समय में उन्होंने अपनी बड़ी पहचान खुद के दम पर स्थापित की थी। राजनीति से लेकर समाज सेवा और वैश्य समाज से लेकर व्यापारी जगत तक वो हमेशा ऊर्जावान चेहरे के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को निभाते थे। किसी को भी खबर नहीं थी कि हमेशा सफर में रहने वाले अशोक अग्रवाल नमक वालों का ये सफर अंतिम सफर होगा। वो कहते थे कि व्यक्ति को कर्म पर भरोसा करना चाहिए और उनका कहना था कि तरक्की के लिए सफर बहुत जरूरी है। लेकिन जब वो लखनऊ के लिए रवाना हुए तो किसी को नहीं पता था कि यह उनका अंतिम सफर है। जब उनकी मौत की खबर आयी तो किसी को यकीन ही नहीं हुआ। अशोक अग्रवाल अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष थे। वो सुहेल देव समाज पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। वो 15 दिसम्बर की सुबह सफर पर निकले थे। संभवतः उन्हें 17 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेना था। और फिर इसके बाद वो अयोध्या के लिए जाते हैं। लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था और एक सड़क हादसे में अशोक अग्रवाल नमक वालों की मृत्यु हो गयी। उनका गाजियाबाद से गहरा नात है। उन्होंने कुछ समय पहले ही एक न्यूज चैनल की भी स्थापना की थी। वह राजनगर की वीवीआईपी सोसायटी में रहते थे। सबसे बड़ी बात ये है कि अशोक अग्रवाल नमक वालों की खूबी ये थी कि वो यारों के यार थे। यही कारण है कि अपने व्यवहार की वजह से वो सबके चहेते थे। वो केवल व्यापारी नेता या अपने समाज के लिए ही काम नहीं करते थे बल्कि वो सभी समाज के व्यक्तियों के लिए और सभी दोस्तों के लिए हमेशा उपलब्ध रहते थे। एक ऐसा चेहरा जिसके मुख मंडल पर हमेशा मुस्कान रहती थी। जिससे भी मिलते थे हमेशा मुस्कुराते हुए ऊर्जा के साथ मिलते थे। उनकी मृत्यु पर अफसोस जताते हुए उनके दोस्तों ने भी कहा कि एक ऐसा सहयोगी और मददगार व्यक्ति था जिसके लबों पर कभी इंकार नहीं था। उनके भीतर एक ऐसी ऊर्जा थी कि कभी भी उनसे बात करने वाले को निरस्ता का अनुभव नहीं होता था। लेकिन अब ये कमी उम्रभर रहेगी।

### मोदीनगर मुक्तिधाम पर गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

करंट क्राइम। सड़क हादसे में मारे गये उद्योगपति अशोक अग्रवाल नमक वालों का अंतिम संस्कार गोविन्दपुरी स्थित मोक्ष धाम पर किया गया। मोदीनगर के मुक्ति धाम पर अशोक अग्रवाल, उनके भतीजे अभिनव अग्रवाल सहित तीन लोगों का अंतिम संस्कार हुआ। हजारों लोगों ने अंतिम यात्रा में अशोक अग्रवाल को नम आंखों से अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा में शामिल हर व्यक्ति इस हादसे को लेकर स्तब्ध नजर आया। अंतिम यात्रा में मोदीनगर विधायक मंजू सिवाच, मोदीनगर नगरपालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, मोदी नगर के पूर्व पालिका अध्यक्ष रामआसरे शर्मा, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, डा. देवेन्द्र सिवाच, पूर्व दर्जाप्राप्त राज्य मंत्री रमेश प्रजापति, उद्योगपति राज ढ़ींगरा, स्वदेश जैन, सुशील जैन, राजकुमार गुप्ता एडवोकेट, सुभाष सांगवान, राहुल जैन, मोदीनगर प्रैस क्लब के अध्यक्ष अरूण वर्मा सहित सामाजिक और राजनीतिक संगठनों से जुड़े गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### उन्नाव के आगरा लखनऊ एक्सप्रैस-वे पर हुआ ये दर्दनांक हादसा



करंट क्राइम। अशोक अग्रवाल नमक वाले सोमवार को मोदीनगर से लखनऊ के लिए अपनी फॉरच्यूनर कार में सवाल होकर निकले थे। कार में उनके साथ उनके भतीजे अभिनव अग्रवाल, कम्प्यूटर इंजिनीयर आकाश गुप्ता तथा अवनीश कुशल भी थे। आगरा लखनऊ एक्सप्रैस-वे पर उन्नाव के पास फॉरच्यूनर कार का टायर फट गया और कार अनियंत्रित होकर रोड डिवाईडर से टकरा गयी। यह हादसा सुबह लगभग 4 बजे के करीब हुआ। इस हादसे में उनके भतीजे अभिनव अग्रवाल , इंजीनियर आकाश गुप्ता और अवनीश कुशल और अशोक अग्रवाल नमक वालों की मौत हो गयी।

# अवैध रैंप हटाने को लेकर नगर आयुक्त की शहरवासियों से अपील





प्रतीकात्मक चित्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहरवासियों से अपील की है कि दुकानों और घरों के बाहर अवैध रूप से बनाए गए तथा सड़क की ओर बढ़े हुए रैंप, जिनके कारण यातायात का आवागमन बाधित हो रहा है और जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, उन्हें स्वयं हटाकर नगर निगम का सहयोग करें। नगर आयुक्त ने कहा कि मार्गों को यातायात के लिए सुगम बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी जोनों में समय सीमा निर्धारित करते हुए नागरिकों से रैंप हटाने के लिए अपील की जा रही है।

इसी क्रम में निगम की टीमें घर-घर जाकर लोगों से संवाद कर रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अपील के बाद भी यदि यातायात को बाधित करने वाले रैंप नहीं हटाए जाते हैं, तो नगर निगम द्वारा वार्डवार अभियान चलाकर ऐसे रैंप हटाने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि शहर में आवागमन को सरल और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

## संपादकीय

# भाजपा में युवा प्रयोग

प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नितिन नबीन की नियुक्ति से राजनीतिक पंडितों और पार्टी के अधिकांश नेताओं को एक बार फिर चौंकाया है। बेशक पार्टी संसदीय बोर्ड का हवाला देती रहे, लेकिन शीर्ष नेतृत्व और संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां प्रधानमंत्री मोदी ही तय करते हैं। कुछ मामलों में गृहमंत्री अमित शाह की सलाह भी ली जाती है। आरएसएस की सहमति भी अनिवार्य है, लेकिन बुनियादी तौर पर चयन मोदी ही करते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की चर्चा, इस नियुक्ति की घोषणा से मात्र दो दिन पहले, संसदीय बोर्ड में की गई थी, लेकिन उस दौरान कोई नाम सामने नहीं था। संसदीय बोर्ड के अधिकांश सदस्यों की राय थी कि पार्टी का भावी अध्यक्ष अपेक्षाकृत युवा हो, सवर्ण जाति का हो और हिंदी पट्टी के राज्य से हो। इन्हीं आधारों पर बिहार के 5वीं बार विधायक एवं मंत्री नितिन नबीन का चयन किया गया। वैसे भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एक-दो अपवाद को छोड़ कर, सवर्ण जाति के ही रहे हैं। बेशक राज्यों में पिछड़े और दलित समुदाय के नेताओं को भी नेतृत्व सौंपा जाता रहा है। नितिन नबीन सवर्ण उपजाति-कायस्थ समुदाय- के नेता हैं और 45 साल उम्र है, लिहाजा वह भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। कुछ समय बाद वह जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के तौर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। बेशक नितिन नबीन भाजयुमो में अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर काम कर चुके हैं, कुछ राज्यों के प्रभारी और सह-प्रभारी भी रहे हैं, लिहाजा संगठन की आत्मा और अपेक्षाओं को वह बखूबी जानते हैं। जब नड्डा पार्टी अध्यक्ष बने थे, तब उनकी उम्र 52 साल थी। अमित शाह 49 साल के थे। राजनाथ सिंह भी 52-53 साल के रहे होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की आयु भी 55-58 साल की रही होगी, जब वे पहली बार भाजपा अध्यक्ष बने थे, लिहाजा उम्र शीर्ष नेतृत्व का कोई मानदंड नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का यह नबीन प्रयोग चुनौतीपूर्ण जरूर है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर मोहन चरण माझी, मोहन यादव, भजनलाल शर्मा, बिप्लव देब, भूपेंद्र पटेल, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी आदि को विराजमान कर भाजपा की नई पीढ़ी को नेतृत्व सौंपा था। इन्हीं नेताओं की तरह नबीन भी भाजपा की चौथी पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं। अलबत्ता उनकी पहचान कभी राष्ट्रीय नहीं रही। बहरहाल अब नितिन नबीन भी उसी शृंखला की नई कड़ी बन गए हैं, जिसे अटल, आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह से लेकर जेपी नड्डा तक ने स्थापित किया और भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का सम्मान दिलाया। उस वर्चस्व, ओहदे और गरिमा को बरकरार रखना भी नितिन नबीन की चुनौती है। उनके सामने राजनीतिक और चुनावी चुनौती यह है कि 2026 में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं और 2027 में उप्र के महाचुनाव सामने होंगे।

# भारत और ओमान के आर्थिक रिश्तों को नई मजबूती मस्कट में होगा मुक्त व्यापार समझौता



### जीसीसी में ओमान भारत के लिए तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य

खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में ओमान भारत के लिए तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। भारत का पहले से ही जीसीसी के एक अन्य सदस्य देश, संयुक्त अरब अमीरात के साथ इसी तरह का समझौता है, जो मई 2022 में लागू हुआ था। परिषद के अन्य सदस्य बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब और कतर हैं। भारत और कतर भी जल्द ही व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करेंगे।

**नई दिल्ली।** भारत और ओमान गुरुवार को मस्कट में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। यह समझौता पीएम मोदी की मौजूदगी में होगा। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार, सेवाओं और निवेश को बढ़ावा देना है। ओमान जीसीसी देशों में भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। 2024-25 में भारत-ओमान द्विपक्षीय व्यापार करीब 10.5 अरब डॉलर रहा।

भारत और ओमान आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को मस्कट में मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते पर पीएम मोदी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए जाएंगे। मोदी चार दिवसीय त्रिपक्षीय दौरे पर हैं। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मस्कट पहुंच चुके हैं। अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी ओमान पहुंचेंगे।

### मुक्त व्यापार समझौते का उद्देश्य

मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत, जिसे आधिकारिक तौर पर सीईपीए (व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता) कहा जाता है, औपचारिक रूप से नवंबर 2023 में शुरू हुई और वार्ता इस वर्ष समाप्त हुई। मुक्त व्यापार समझौतों में, दोनों व्यापारिक साझेदार अपने बीच व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को काफी हद तक कम कर देते हैं या समाप्त कर देते हैं। वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए नियमों में ढील भी देते हैं।

2024-25 में भारत-ओमान का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 10.5 अरब डॉलर (निर्यात 4 अरब डॉलर और आयात 6.54 अरब डॉलर) था। भारत के प्रमुख आयात पेट्रोलियम उत्पाद और यूरिया हैं। ये आयात का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हैं। अन्य प्रमुख उत्पादों में प्रोपलीन और एथिलीन पॉलिमर, पेट कोक, जिप्सम, रसायन, लोहा और इस्पात तथा अपरिष्कृत एल्युमीनियम शामिल हैं।

भारत द्वारा ओमान को निर्यात की जाने वाली मुख्य वस्तुओं में खनिज ईंधन, रसायन, बहुमूल्य धातुएं, लोहा और इस्पात, अनाज, जहाज, नावें और तैरती संरचनाएं, विद्युत मशीनरी, बॉयलर, चाय, कॉफी, मसाले, वस्त्र और खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

# बदलते वैश्विक हालात में भारत को सावधानी से आगे बढ़ना होगा: निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक व्यापार में टैरिफ का हथियार की तरह इस्तेमाल हो रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि जो हालात हैं उसे देखते हुए भारत को बहुत संभलकर आगे बढ़ना होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वैश्विक व्यापार की बदलती और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शुल्कों और अन्य उपायों के जरिए वैश्विक व्यापार को तेजी से 'हथियार' बनाया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस माहौल में भारत को बहुत सावधानी से अपना रास्ता तय करना होगा, और देश की समग्र आर्थिक मजबूती उसे एक अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगी। वित्त मंत्री ने टाइम्स नेटवर्क के 'इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि अब यह पूरी तरह साफ हो चुका है कि वैश्विक व्यापार 'मुक्त और निष्पक्ष' नहीं रह गया है।



### सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत

सीतारमण ने कहा, टैरिफ और दूसरे कई उपायों से व्यापार का हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत को ऐसी स्थिति में सावधानीपूर्वक अपना रास्ता बनाना होगा। सिर्फ टैरिफ का ध्यान रखना ही काफी नहीं है, मुझे लगता है कि कुल मिलाकर हमारी अर्थव्यवस्था की ताकत ही हमें वह अतिरिक्त लाभ देने वाली है।

### 'टैरिफ किंग' के ठप्पे पर करारा जवाब

भारत पर अक्सर लगाए जाने वाले आरोपों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, भारत को यह कहकर लेक्चर दिया जा सकता है कि आप बहुत अंतमुर्खी हैं, आप 'टैरिफ किंग' हैं, वगैरह। लेकिन हकीकत यह है कि आज टैरिफ को ही हथियार बना दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का इरादा कभी भी शुल्कों को हथियार बनाने का नहीं रहा। भारत ने केवल अपने घरेलू उद्योगों को उस 'बाढ़' से बचाने के लिए कदम उठाए हैं जो किसी 'शिकारी' द्वारा की जाती है। उनका इशारा उन देशों की ओर था जो अनुचित व्यापार व्यवहार के जरिए भारतीय बाजारों में अपना सामान डंप करते हैं।

# इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से जेट ईंधन बिक्री में 4% से ज्यादा गिरावट



**नई दिल्ली।** दिसंबर में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से जेट ईंधन (अळऋ) की बिक्री में 4% से अधिक की गिरावट आई है। जानें कैसे कोहरे और नए नियमों का असर ईंधन की मांग पर पड़ा, जबकि डीजल की बिक्री में तेजी दर्ज की गई।

दिसंबर में इंडिगो की बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने का असर विमान के ईंधन की मांग पर पड़ा है। दिसंबर के पहले पखवाड़े में विमानन टरबाइन ईंधन यानी एटीएफ की बिक्री में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

भारत के विमानन क्षेत्र में कोविड महामारी के कारण आई मंदी से उबरने के बाद से पिछले दो वर्षों में जेट ईंधन (एटीएफ) की मांग लगातार बढ़ रही थी। लेकिन यह रुझान तब बदल गया जब दिसंबर में इंडिगो को बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को पायलटों के ड्यूटी टाइम के नए नियमों, कर्मचारियों की कमी और प्रमुख हवाई अड्डों पर घने कोहरे जैसी मौसम से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा। आंकड़ों के अनुसार, 1 से 15 दिसंबर के दौरान एटीएफ की बिक्री पिछले वर्ष की इसी अवधि के 3,45,400 टन से घटकर 3,31,400 टन रह गई। मासिक आधार पर बिक्री में 7.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। ईंधन बाजार में जेट ईंधन एक अपवाद था, जबकि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी जैसे अन्य प्रमुख ईंधनों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

कुल ईंधन खपत में इसका हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत है। 1 से 15 दिसंबर के दौरान इसकी बिक्री लगभग 5 प्रतिशत बढ़कर 33 लाख टन हो गई। हालांकि, त्योहारी मांग कम होने के कारण मासिक बिक्री में 5.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 1 से 15 दिसंबर 2023 के दौरान 3.16 मिलियन टन डीजल की खपत की तुलना में, भारत में सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले ईंधन की मांग में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# विकसित भारत 2047 की दिशा में बड़ा कदम, ग्रामीण रोजगार-आजीविका विधेयक पेश

**नई दिल्ली** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान लोकसभा में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 पेश करेंगे। विधेयक का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के विजन के तहत ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सदन में 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी ऋबिल 2025 को पेश करेंगे। मंत्री विधेयक को सदन के विचारार्थ लेने का प्रस्ताव भी रखेंगे। प्रस्तावित कानून का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक नया ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है। इसके तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को, जिनके वयस्क सदस्य अकुशल श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, हर वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के वेतनयुक्त रोजगार की वैधानिक गारंटी देने का प्रावधान किया गया है।

विधेयक का लक्ष्य ग्रामीण भारत में सशक्तिकरण, समावेशी विकास, योजनाओं के बेहतर समन्वय और संतृप्ति को बढ़ावा देना है, ताकि एक समृद्ध और लचीले ग्रामीण भारत की नींव रखी जा सके। इसके अलावा, रोजगार और आजीविका से जुड़े अन्य सहायक और प्रासंगिक प्रावधानों को भी इसमें शामिल किया गया है।

# इक्विटी बाजार में एंट्री की तैयारी, एनसीडीईएक्स को एमएफ प्लेटफॉर्म की हरी झंडी

**नई दिल्ली।** नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) को सेबी से म्यूचुअल फंड (एमएफ) लेनदेन प्लेटफॉर्म शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। यह कदम इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स में प्रस्तावित प्रवेश की दिशा में पहला अहम चरण माना जा रहा है।



नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से म्यूचुअल फंड (एमएफ) लेनदेन प्लेटफॉर्म शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है।

यह इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स में प्रस्तावित प्रवेश का पहला कदम है। एनसीडीएक्स ने कहा एमएफ प्लेटफॉर्म इक्विटी ट्रेडिंग सिस्टम से स्वतंत्र रूप से काम करेगा और काफी कम समय में इस प्लेटफॉर्म को लॉन्च करने के लिए अच्छी स्थिति में है। म्युचूअल फंड सब्सक्रिप्शन और रिडेम्पशन ऑर्डर की क्लियरिंग और सेटलमेंट एनसीडीएक्स की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी नेशनल सकमोडिटी क्लियरिंग लिमिटेड (एनसीसीएल) से किया जाएगा।

एक्सचेंज के अनुसार, प्रस्तावित प्लेटफॉर्म का उद्देश्य कम राशि वाले व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) जैसी सुविधाओं के माध्यम से म्यूचुअल फंड निवेश तक पहुंच का विस्तार करना है, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में। इसका उद्देश्य मौजूदा ट्रेडिंग सदस्यों को एक अतिरिक्त व्यवसाय लाइन प्रदान करके उनका समर्थन करना और इक्विटी सेगमेंट के लॉन्च से पहले कैश मार्केट बेस का निर्माण करना भी है।

### म्यूचुलअ फंड प्लेटफॉर्म ग्रामीण और अर्ध शहरी बचत उत्पादों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

एनसीडीईएक्स के प्रबंध निदेशक और मुख्स कार्यकारी अधिकारी अरुण रास्ते ने कहा कि इक्विटी लॉन्च से पहले म्यूचुअल फंड प्लेटफॉर्म शुरू करना एक रणनीतिक निर्णय है। म्यूचुअल फंड नए निवेशकों के लिए सबसे सरल और सुरक्षित शुरूआत विकल्पों में से एक है और हमारा मानना है कि भारत की इक्विटी यात्रा यहीं से शुरू होती है। एनसीईएक्स का म्यूचुलअ फंड प्लेटफॉर्म ग्रामीण और अर्ध शहरी बचत उत्पादों, विनियमिम निवेश क्षेत्रों में स्थानांतरित करने और इक्विटी में अधिक भागीदरी के लिए एम मजबूत रास्ता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कम राशि वाले एसआईपी और सुरक्षित एक्सचेंज-आधारित बुनियादी ढांचे के साथ, यह हमें भारत के लिए एक मल्टी-एसेट प्लेटफॉर्म प्रदान करने के एक कदम और करीब लाता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।
- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों-रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर (स्टूडेंट से)- सेमेस्टर सिस्टम से क्या फायदा है, बताओ?
स्टूडेंट- फायदा तो पता नहीं, पर बेइज्जती साल में दो बार हो जाती है।

---

चिंटू- हाथ में खुजली होने पर रुपये आते हैं?
मिंटू- अगर हाथ में खुजली हो तो समझ जाना कि खुजली की बीमारी हुई है, रुपये नहीं आते उसके लिए कड़ी मेहनत का काम करना पड़ता है... खुजाने से अगर रुपये आते तो भालू और बंदर सबसे ज्यादा रुपये वाले होते!

---

चिंटू- मैं तीर्थ यात्रा पर जा रहा हूं
सोच रहा हूं दारू छोड़ दूं
मिंटू- यह तो बहुत अच्छी बात है
इसमें सोचने की क्या जरूरत
चिंटू- पर मेरे सारे दोस्त कमीने हैं
किसके पास छोडूं!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# 25.20 करोड़ में बिकने के बाद अपनी पहली ही पारी में शून्य पर आउट हुए कैमरन ग्रीन

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन एशेज के तीसरे टेस्ट में फेल रहे। एडिलेड में बुधवार से शुरू हुए तीसरे मुकाबले की पहली पारी में ग्रीन खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। वह महज दो गेंद खेल सके और जोफ्रा आर्चर ने उन्हें ब्राइडन कार्स के हाथों कैच कराया। हाल ही में आईपीएल 2026 ऑक्शन में 25.20 करोड़ रुपये की भारी कीमत पाने वाले ग्रीन के लिए यह पारी किसी बुरे सपने से कम नहीं रही।

**केवल 2 बॉल खेल सके**

**जोफ्रा आर्चर की घातक गेंदबाजी:** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने कैमरन ग्रीन को कोई मौका नहीं दिया। आर्चर की तेज और सटीक गेंद पर ग्रीन को ड्राइव खेलने की कोशिश भारी पड़ गई और वह कैच दे बैठे। इस विकेट के साथ ही आर्चर ने ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम पर दबाव और बढ़ा दिया। आर्चर ने इस पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए अब तक तीन अहम विकेट झटके।

**ऑस्ट्रेलिया की पारी का हाल**

एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन शुरूआत से ही इंग्लिश गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा। ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही। टीम ने 94 रन पर ही चार विकेट गंवा दिए थे। ट्रेविस हेड, जेक वेदराल्ड, ग्रीन और मार्नस लाबुशेन जल्दी पवेलियन लौट गए। एक छोर से उस्मान ख्वाजा ने पारी को संभालते हुए संयमित बल्लेबाजी की और अर्धशतक जड़ा। विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने भी उनका अच्छा साथ निभाया। खबर लिखे जाने तक कंगारुओं ने चार विकेट पर 200 के करीब रन बना लिए हैं।



**ऑस्ट्रेलिया की नजर अब निचले क्रम से रन जोड़ने पर होगी, जबकि इंग्लैंड की कोशिश जल्द से जल्द पारी समेटने की रहेगी। कैमरन ग्रीन के पास दूसरी पारी में खुद को साबित करने का मौका होगा, जहां वह इस निराशाजनक शुरूआत की भरपाई करना चाहेंगे।**

**सोशल मीडिया पर चर्चा**

कैमरन ग्रीन का शून्य पर आउट होना सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। आईपीएल ऑक्शन में मोटी रकम पाने के बाद फैंस उनसे बड़ी पारी की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में दबाव और परिस्थितियों ने उन्हें संभलने का मौका नहीं दिया। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रीन जैसे खिलाड़ी एक-दो पारियों से नहीं आंके जाने चाहिए, लेकिन यह आउट निश्चित तौर पर निराशाजनक रहा।

**नाम पर खरे उतरे कैमरन ग्रीन**

कैमरन ग्रीन को लेकर शुरू से ही काफी चर्चा थी और वह अपने नाम पर खरे उतरे। ऑस्ट्रेलिया के इस खिलाड़ी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा। उनका बेस प्राइस दो करोड़ रुपये था। वह अपने बेस प्राइस से करीब 13 गुना ज्यादा कीमत पर बिके। वह आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे महंगे और आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं।

**ग्रीन के लिए फ्रेंचाइजी ने खजाना खोला**

ग्रीन गलती से बल्लेबाजों के सेट में नाम दर्ज कराया था। हालांकि, उनका नाम आते ही, चार फ्रेंचाइजियों ने अपना खजाना खोल दिया। फिर केकेआर ने एंट्री मारी। फिर आखिर में चेन्नई और कोलकाता के बीच दिलचस्प टक्कर देखने को मिली। दोनों ने जमकर बोली लगाई। हालांकि, आखिर में केकेआर ने बाजी मारी और ग्रीन को अपने साथ शामिल किया। इसके साथ ही केकेआर को आंद्रे रसेल का रिप्लेसमेंट मिल गया है।

# महेन्द्र सिंह धोनी का अगला सत्र होगा आखिरी

## सीएसके ने 28.40 करोड़ के स्टार्स खरीदे तो पूर्व खिलाड़ी ने किया बड़ा दावा

**चेन्नई।** रॉबिन उथप्पा के मुताबिक आईपीएल 2026 एमएस धोनी का आखिरी सीजन होगा, जिसके बाद वह निश्चित रूप से संन्यास लेकर उरङ में मेंटर की भूमिका निभाएंगे। मिनी ऑक्शन में युवाओं पर भारी निवेश यह साफ दिखाता है कि चेन्नई सुपर किंग्स धोनी के बाद के दौर की तैयारी कर चुकी है।

महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य को लेकर चल रही तमाम अटकलों पर अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के खिलाड़ी रह चुके रॉबिन उथप्पा ने बड़ा बयान दिया है। उथप्पा का मानना है कि आईपीएल 2026 धोनी का आखिरी सीजन होगा और इसके बाद वह निश्चित रूप से संन्यास ले लेंगे। 44 वर्षीय धोनी को लेकर उथप्पा ने कहा कि अब किसी तरह की अगर-मगर की गुंजाइश नहीं बची है।

**CSK की बदली रणनीति**

उथप्पा के मुताबिक सीएसके की हालिया रणनीति इस बात का साफ संकेत देती है कि फ्रेंचाइजी भविष्य की तैयारी कर चुकी है। अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहने के बजाय टीम अब युवा और अनकैप्ड खिलाड़ियों पर बड़ा निवेश कर रही है। आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन में सीएसके ने दो युवा क्रिकेटरों पर कुल मिलाकर 28.20 करोड़ रुपये खर्च किए। सीएसके ने 19 वर्षीय उत्तर प्रदेश के स्पिन ऑलराउंडर प्रशांत वीर को 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा। इसके अलावा 20 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को भी 14.20 करोड़ में टीम में शामिल किया गया, जिससे ये दोनों आईपीएल ऑक्शन इतिहास के सबसे महंगे अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी बन गए।



**धोनी का रोल बदलने के संकेत**

रॉबिन उथप्पा ने जियोहॉटस्टार से बातचीत में कहा, 'मुझे लगता है कि अब सब कुछ साफ है। यह एमएस धोनी का आखिरी सीजन होने वाला है। अब किसी तरह का कयास लगाने की जरूरत नहीं है। इस साल के बाद वह पूरी तरह से संन्यास ले लेंगे। पिछले कुछ सीजन से सीएसके जिस तरह युवाओं में निवेश कर रही है, वह बताता है कि टीम टैलेंट को खोजने, तराशने और लंबे समय तक अपने साथ रखने पर फोकस कर रही है।'

**मेंटर की भूमिका में धोनी**

उथप्पा का मानना है कि धोनी मैदान से विदा लेने के बाद भी सीएसके से जुड़े रहेंगे। उन्होंने कहा, 'अगर धोनी नहीं खेलेंगे, तो वह निश्चित रूप से टीम को मेंटर करेंगे। इस सीजन में वह मेंटर-कम-खिलाड़ी की भूमिका में नजर आएंगे। वह पहले से ही उसी नजरिए से चीजों को देख रहे हैं।' सीएसके में संजू सैमसन की मौजूदगी और रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी को भी उथप्पा ने भविष्य की तैयारी बताया।

**युवाओं पर बड़ा खर्च**

सीएसके ने मिनी ऑक्शन में 43.40 करोड़ रुपये के पर्स में से 41 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसमें से 28.4 करोड़ सिर्फ दो अनकैप्ड खिलाड़ियों पर लगाए गए। यह साफ संकेत है कि फ्रेंचाइजी धोनी के बाद के दौर के लिए मजबूत नींव तैयार कर रही है। धोनी के चाहने वालों के लिए भले यह भावुक पल हो, लेकिन सीएसके के लिए यह एक सोची-समझी और दूरदर्शी रणनीति मानी जा रही है।

# जैस्मिन लंबोरिया ने विश्व चैंपियनशिप फाइनल पर बताया कि मुक्केबाजी में कैसे बनाया करियर



**गुरुग्राम।** विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता महिला मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया ने बताया कि किस तरह उन्होंने विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में दबाव को खुद पर हावी नहीं होने दिया।

भारतीय महिला मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया गुरुग्राम में आयोजित संवाद के मंच पर पहुंचीं और उन्होंने अपने करियर से लेकर विश्व चैंपियनशिप में पदक तक पर राय रखी। जैस्मिन ने बताया कि किस तरह अब लड़कियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए परिवार का भी समर्थन मिल रहा है। जैस्मिन ने बताया कि अभी जो लड़कियां हैं वो बहुत अच्छा कर रही हैं। सिर्फ मुक्केबाजी ही नहीं, बहुत से खेल है, चाहे वो बैडमिंटन हो कुश्ती हो। हमें जो समर्थन मिल रहा परिवार का, क्योंकि हमारे सीनियर ने एक मंच तैयार किया है। हमें एक पहचान दिखाई है कि हरियाणा खेलों में कितना अच्छा है।

मतलब भारत ने एक छाप छोड़ी है, वो हमारे लिए लाभदायक हो रहा है। परिवार वाले भी समझ रहे हैं, कि लड़कियां कर रही हैं और उन्हें भी समर्थन देना चाहिए। काफी अच्छा लगता है जब हम बाहर निकलते हैं और हरियाणा को अपनी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हैं। जो युवा लड़कियां हैं, वो भी हमसे ही सीख रही हैं। इसलिए हमारा दायित्व है कि हम अच्छा करें।

# 'धोनी का हमेशा आभारी रहूंगा', सीएसके से विदाई पर भावुक हुए मथीशा पथिराना

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 ऑक्शन में KKR ने पथिराना को 18 करोड़ रुपये में खरीदा। अब वह कोलकाता के लिए नया अध्याय शुरू करेंगे।

श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) को अलविदा कहते हुए एक बेहद भावुक संदेश लिखा है। आईपीएल 2026 ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स (ङङफ) से जुड़ने के बाद पथिराना ने सोशल मीडिया पर सीएसके, टीम मैनेजमेंट और खास तौर पर महेंद्र सिंह धोनी के प्रति आभार जताया। 22 वर्षीय पेसर ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, भरोसा और एक परिवार दिया।

**CSK के साथ सफर और उपलब्धियां**

पथिराना ने 2022 से 2025 तक सीएसके के लिए खेलते हुए टीम के प्रमुख गेंदबाजों में अपनी पहचान बनाई। चार सीजन में उन्होंने कुल 32 मुकाबले खेले और 47 विकेट अपने नाम किए। आईपीएल 2023 में सीएसके की खिताबी जीत में उनका अहम योगदान रहा, जहां उन्होंने 19 विकेट लिए और औसत 19.53 का रहा। उनकी तेज यॉर्कर और स्लिंग एक्शन ने उन्हें धोनी का भरोसेमंद गेंदबाज बना दिया।



**चोट और उतार-चढ़ाव भरा दौर**

आईपीएल 2024 में पथिराना चोट के कारण सिर्फ छह मैच खेल पाए, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने 13 विकेट झटके। हालांकि, पिछला सीजन उनके लिए निराशाजनक रहा, जहां 12 मैचों में 13 विकेट तो मिले, लेकिन वह पहले जैसी निरंतरता नहीं दिखा सके। सीएसके ने आईपीएल 2026 ऑक्शन से पहले उन्हें रिलीज कर दिया और बोली में हिस्सा नहीं लिया।

**धोनी और सीएसके के लिए आभार**

इंस्टाग्राम पर साझा किए गए अपने नोट में पथिराना ने लिखा कि धोनी ने हमेशा उन पर भरोसा दिखाया और सही मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा, 'एक सपने देखने वाले लड़के से लेकर पीली जर्सी गर्व से पहनने तक का सफर सीएसके ने संभव बनाया। मैं धोनी भाई का हमेशा आभारी रहूंगा, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया।' इसके साथ ही उन्होंने टीम मैनेजमेंट, साथियों और सीएसके के फैंस को भी धन्यवाद दिया।

**KKR के साथ नया अध्याय**

आईपीएल 2026 ऑक्शन में केकेआर ने पथिराना को 18 करोड़ रुपये में खरीदा। अब वह कोलकाता के लिए नया अध्याय शुरू करेंगे। पथिराना ने कहा कि चेन्नई हमेशा उनके दिल में खास जगह रखेगा और यह शहर उनके लिए घर जैसा रहेगा। सम्मान, गर्व और कृतज्ञता के साथ वह अब नई टीम के साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं।

# खिलाड़ियों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर दी बॉन्डी बीच आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि

**एडिलेड।** श्रद्धांजलि का यह क्षण खेल से कहीं बड़ा संदेश देकर गया कि क्रिकेट संकट के समय एकजुट होकर मानवता के साथ खड़ा रहता है। एशेज 2025-26 सीरीज के तीसरे टेस्ट के पहले दिन एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमों ने सिडनी के बॉन्डी बीच में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



बुधवार, 17 दिसंबर को दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काली पट्टी पहनकर शोक व्यक्त किया और खेल शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा।

**बॉन्डी बीच आतंकी हमला**

रविवार को बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले में 15 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, दो हमलावरों ने यहूदी समुदाय के लोगों को निशाना बनाया, जो हनुक्का पर्व मना रहे थे। इस भयावह घटना ने पूरे ऑस्ट्रेलिया को झकझोर कर रख दिया। सिडनी, जहां एशेज सीरीज का पांचवां टेस्ट भी खेला जाना है, इस हमले का केंद्र रहा।

**दर्शकों ने भी किया मौन पालन**

श्रद्धांजलि के दौरान खिलाड़ी, मैच अधिकारी और स्टेडियम में मौजूद दर्शक सभी खड़े होकर मौन में शामिल हुए। एडिलेड ओवल में मौजूद हजारों दर्शकों ने भी पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। यह दृश्य क्रिकेट जगत की एकजुटता और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक बना।

**क्रिकेट बोर्डों का संयुक्त बयान**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए संयुक्त बयान जारी किया।

बयान में कहा गया, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड के सभी लोग बॉन्डी बीच में हुई दुखद घटना से स्तब्ध हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके दोस्तों-परिवारों, यहूदी समुदाय और ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ हैं। इस बेहद कठिन समय में हम सभी प्रभावित लोगों के साथ खड़े हैं।'

**पैट कमिंस की अपील**

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने भी इस हमले के बाद न्यू साउथ वेल्स में रक्तदान के लिए सार्वजनिक अपील की। कमिंस तीसरे टेस्ट में टीम में लौटे, जबकि वह पहले दो मैच हड्डी में स्ट्रेस इंजरी के कारण नहीं खेल पाए थे। तीसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया को एक और झटका लगा, जब स्टीव स्मिथ को बीमारी के कारण अंतिम समय पर प्लेइंग इलेवन से बाहर होना पड़ा। उनकी जगह उस्मान ख्वाजा को टीम में शामिल किया गया।

# विदेशी क्रिकेटर से जुड़ा नियम बना बहस का मुद्दा

## 25.20 करोड़ की बोली के बावजूद ग्रीन को मिलेंगे 18 करोड़

**अबू धाबी।** नियम सख्त है, लेकिन बेकार नहीं। यह नियम फ्रेंचाइजी को नियंत्रण देता है कि फ्रेंचाइजी भारतीय खिलाड़ियों को प्राथमिकता दे सके। इउउक प्लेयर वेलफेयर के लिए अतिरिक्त फंड देता है और विदेशी खिलाड़ी के लिए भी। इसलिए भले ही यह नियम विवादित हो, लेकिन पूरी तरह गलत भी नहीं कहा जा सकता।

आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी के बाद एक नियम ने क्रिकेट जगत में जबरदस्त बहस छेड़ दी है। यह नियम विदेशी खिलाड़ियों की सैलरी से जुड़ा है, जिसके तहत कोई भी विदेशी खिलाड़ी, चाहे उस पर कितनी भी बड़ी बोली क्यों न लगे, 18 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं कमा सकता।

यह नियम पहली बार क्व्छ 2025 की मेगा नीलामी में लागू किया गया था और अब इसे इस बार भी बरकरार रखा गया है। बाहर से देखने पर यह नियम भ्रम पैदा करता है, लेकिन इसके पीछे इउउक की एक स्पष्ट सोच और फ्रेंचाइजियों की चिंता जुड़ी हुई है।



आईपीएल के नए नियम के मुताबिक, किसी भी विदेशी खिलाड़ी की अधिकतम सैलरी सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी की रिटेंशन स्लैब से ज्यादा नहीं हो सकती। मिनी ऑक्शन के मामले में यह स्लैब 18 करोड़ रुपये तय की गई है। उदाहरण से समझिए। मान लीजिए किसी विदेशी खिलाड़ी पर नीलामी में 30 करोड़ रुपये की बोली लगती है, लेकिन उसे सैलरी मिलेगी सिर्फ 18 करोड़ रुपये। बाकी 12 करोड़ रुपये इउउक के प्लेयर वेलफेयर फंड में चले जाएंगे। फ्रेंचाइजी को फिर भी पूरे 30 करोड़ अपने पर्स से चुकाने होंगे। यानी बोली पूरी लगेगी, लेकिन खिलाड़ी को पूरा पैसा नहीं मिलेगा।

यह नियम सिर्फ विदेशी खिलाड़ियों के लिए है। भारतीय खिलाड़ी पूरी बोली की रकम पाने के हकदार हैं। इसी का उदाहरण क्व्छ 2025 मेगा ऑक्शन में दिखा, जब ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपये में खरीदा गया, उन्हें पूरी सैलरी मिली। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने।

हालांकि, इस बार कैमरन ग्रीन 25.20 करोड़ में बिके और केकेआर ने उन्हें खरीदा। हालांकि, उन्हें फिर भी 18 करोड़ ही मिलेंगे और बाकी की रकम बीसीसीआई वेलफेयर फंड में जाएगी। 7.20 करोड़ रुपये उनकी सैलरी से कट जाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बदलाव के पीछे फ्रेंचाइजियों की शिकायतें अहम वजह रहीं।

# नीलामी में सभी 10 टीमों ने खर्च किये 215.45 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** मिनी नीलामी में कुल 369 खिलाड़ी शामिल थे। इनमें से 77 खिलाड़ी बिके। इनमें 29 विदेशी खिलाड़ी रहे। आइए जानते हैं, किस टीम ने स्मार्ट खरीद की, जबकि किस टीम ने टीम कॉम्बिनेशन को देखते हुए अच्छा इनवेस्ट नहीं किया।

आईपीएल 2026 के लिए खिलाड़ियों की मिनी नीलामी पूरी हो चुकी है और सभी 10 फ्रेंचाइजी आगामी सीजन के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रही हैं। इस बार नीलामी में कई बड़े रिकॉर्ड बने, तो कुछ नामी खिलाड़ी बिना खरीदार के लौटे। आइए, पूरी नीलामी पर एक नजर डालते हैं...

आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी में कुल 77 स्लॉट उपलब्ध थे और खास बात यह रही कि सभी स्थान भर लिए गए। सभी 10 टीमों ने मिलकर 215.45 करोड़ रुपये खर्च किए।

इन 77 खिलाड़ियों में से 29 विदेशी खिलाड़ी शामिल रहे, जो यह दर्शाता है कि फ्रेंचाइजी ने घरेलू प्रतिभाओं पर भी भरपूर भरोसा जताया।

**कैमरन ग्रीन बने सबसे महंगे खिलाड़ी**

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन इस मिनी नीलामी के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा। उनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये था, लेकिन टीमों के बीच जबरदस्त होड़ ने उनकी कीमत आसमान तक पहुंचा दी। इसके अलावा, केकेआर ने तेज गेंदबाज मथीशा पथीराना को भी 18 करोड़ रुपये में टीम से जोड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने वेंकटेश अय्यर को सात करोड़ रुपये में खरीदा। आरसीबी ने उन्हें मध्यक्रम को मजबूती देने के इरादे से टीम में शामिल किया। वहीं, लियम लिविंगस्टोन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 13 करोड़ और मुस्तफिजुर रहमान को केकेआर ने 9.20 करोड़ में खरीदा।

**कार्तिक शर्मा और प्रशांत वीर ने रचा इतिहास**

इस नीलामी के सबसे बड़े सरप्राइज रहे कार्तिक शर्मा और प्रशांत वीर। चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) ने दोनों अनकैप्ड खिलाड़ियों को 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा। इन दोनों का आधार मूल्य सिर्फ 30 लाख रुपये था, लेकिन शानदार प्रदर्शन और संभावनाओं को देखते हुए उरङ ने बड़ी बोली लगाई। 19 वर्षीय भरतपुर के कार्तिक और यूपी के अमेठी के प्रशांत अब आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए हैं।




**इन बड़े नामों को नहीं मिला खरीदार**

जहां कुछ खिलाड़ियों पर जमकर पैसा बरसा, वहीं कई बड़े नामों को निराशा हाथ लगी। डेवोन कॉनवे, जैक फ्रेजर मैकगर्क, गेराल्ड कोएत्जी, स्टीव स्मिथ और महीश तीक्ष्णा जैसे खिलाड़ियों को किसी भी टीम ने नहीं खरीदा। कुल मिलाकर, इस मिनी नीलामी में 292 खिलाड़ी अनसोल्ड रहे। कुल मिलाकर, आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी ने यह साफ कर दिया कि फ्रेंचाइजी अब युवाओं और भविष्य की संभावनाओं पर खुलकर निवेश कर रही हैं, जिससे आगामी सीजन और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। आइए अब टीमों की एनालिसिस और संभावित-12 देखते हैं। संभावित-12 इसलिए क्योंकि इम्पैक्ट प्लेयर का नियम इस सीजन भी लागू रहेगा।

चेन्नई सुपर किंग्स ने इस बार अपने पारंपरिक 'अनुभव पहले' फॉर्मूले को तोड़ते हुए बड़ा जोखिम लिया।

फ्रेंचाइजी ने मिनी ऑक्शन में उपलब्ध दूसरी सबसे बड़ी राशि (43.40 करोड़) का लगभग दो-तिहाई हिस्सा सिर्फ दो अनकैप्ड खिलाड़ियों, प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा पर खर्च कर दिया। यह सीएसके की सोच में बड़ा बदलाव है। चेपॉक की पिच को देखते हुए अकील हुसैन और मैट हेनरी स्मार्ट विकल्प हैं, लेकिन मिडिल ऑर्डर और गेंदबाजी में आईपीएल अनुभव की कमी चिंता बढ़ा सकती है।

**संभावित प्लेइंग-12:** संजू सैमसन, आयुष म्हात्रे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), शिवम दुबे, डेवाल्ड ब्रेविस, कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, एमएस धोनी (विकेटकीपर), नाथन एलिस, मैट हेनरी/अकील हुसैन, नूर अहमद, खलील अहमद।

**बल्लेबाज:** ऋतुराज गायकवाड़, डेवाल्ड ब्रेविस, आयुष म्हात्रे, सरफराज खान।

विकेटकीपर: संजू सैमसन, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा।

**ऑलराउंडर:** शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्णा घोष, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अकील हुसैन, अमन खान, प्रशांत वीर, मैट शॉर्ट।

**स्पिनर:** नूर अहमद, राहुल चाहर।

तेज गेंदबाज: खलील अहमद, नाथन एलिस, मैट हेनरी, गुरजपनीत सिंह, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी।

आरसीबी ने स्थिरता पर भरोसा जताया है। वेंकटेश अय्यर को पिछले साल की तुलना में काफी कम कीमत पर लाना बड़ी डील रही। टीम में बड़े बदलाव नहीं हुए हैं, जो मौजूदा चैंपियन के तौर पर उनकी निरंतरता दिखाता है। गेंदबाजी में बैक-अप मजबूत है।

**संभावित प्लेइंग-12:** विराट कोहली, फिल सॉल्ट, वेंकटेश अय्यर, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल।


**बल्लेबाज:** विराट कोहली, रजत पाटीदार, टिम डेविड, देवदत्त पडिक्कल।

**विकेटकीपर:** फिल सॉल्ट, जितेश शर्मा, जॉर्डन कॉक्स।

**ऑलराउंडर:** जैकब बेथेल, वेंकटेश अय्यर, क्रुणाल पंड्या, स्वप्निल सिंह, रोमारियो शेफर्ड, सतविक देसवाल, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की ओस्तवाल।

## ग्रीन के लिए चली लंबी बोली की जंग

कैमरन ग्रीन को हासिल करने के लिए नीलामी के दौरान जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। शुरूआत में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच टक्कर हुई। इसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी बोली में एंट्री की। जैसे-जैसे बोली बढ़ती गई, ग्रीन की कीमत 12 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई। फिर सीएसके भी दौड़ में उतरी, लेकिन अंत में केकेआर ने आक्रामक रुख अपनाते हुए ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में अपने नाम कर लिया। ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए और ओवरऑल ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर के बाद तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने।




## स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण और स्वर्गीय गरिमा नारायण पंचतत्व में विलीन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दैनिक करंट क्राइम के वरिष्ठ पत्रकार गौरव शशि नारायण के पिता लक्ष्मी नारायण और गौरव की धर्मपत्नी गरिमा नारायण का स्वर्गवास 16 दिसम्बर को हो गया। काल के क्रूर हाथों ने एक ही दिन में एक ही परिवार के दो चिराग बुझा दिये। जिसने पूरे माहौल को शोकाकुल कर दिया। 17 दिसम्बर दिन बुधवार को हिंडन मोक्ष स्थली पर दोनों के पार्थिव शरीर को गौरव शशि नारायण ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में गाजियाबाद के सभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

## शीतलहर से बचाव को लेकर जिला प्रशासन की एडवाइजरी जारी

### क्या करें और क्या न करें की दी गई जानकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश में आगामी दिनों में संभावित शीतलहर (कोल्डवेव) की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने आमजन की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की है। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शों के क्रम में शीतलहर के दौरान नागरिकों, किसानों, पशुपालकों और परिवहन विभाग के लिए क्या करें-क्या न करें से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

एडवाइजरी में नागरिकों से मौसम पूवार्नुमान पर नजर रखने, पर्याप्त गर्म कपड़े पहनने, अनावश्यक यात्रा से बचने और ठंड से संबंधित लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की गई है। बुजुर्गों, बच्चों और अकेले रहने वाले व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने तथा बंद कमरों में कोयला या अंगीठी न



जलाने की सलाह दी गई है।

कृषि क्षेत्र के लिए शीतलहर और पाले से फसलों को बचाने के उपाय, हल्की व बार-बार सिंचाई, छिड़काव और ठंड प्रतिरोधी किस्मों के उपयोग की सलाह दी गई है। वहीं पशुपालकों से पशुओं को ठंडी हवा से बचाने, उचित आहार देने और खुले स्थानों में न रखने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन विभाग को कोहरे और कम दृश्यता के दौरान सतर्कता बरतने, वाहनों की गति नियंत्रित रखने और आपात सेवाओं को तैयार रखने को कहा गया है।

## धुआं कम करने आईं ई-बसें डिपो पर फांक रहीं धूल

**साहिबाबाद करंट क्राइम।** दिन ब दिन बढ़ते प्रदूषण और एक्यूआई को देखते हुए शहर में ग्रेप-4 के नियम लागू कर दिए गए हैं मगर धूल-धुआं कम करने के लिए लाई गईं ई-बसें साहिबाबाद डिपो में महीनों से धूल फांक रही हैं। वर्ष 2023 में प्रदूषण का बड़ा कारण मानते हुए दिल्ली एनसीआर में बीएस तीन व चार श्रेणी की बसों का संचालन प्रतिबंधित किया गया था और सीएनजी, बीएस-6 और ई-बसों को बेड़े में शामिल करने के आदेश दिए गए थे। इसको देखते हुए अगस्त 2025 में 38 ई-बसें साहिबाबाद डिपो को मिलीं मगर करीब आठ महीने से 34 ई-बसें डिपो पर ही खड़ी हैं, केवल चार बसों का ही संचालन मथुरा के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा साहिबाबाद डिपो से 40 बीएस चार श्रेणी की बसों का भी संचालन हो रहा है, जिसमें 18 पिंक बसें और 22 जनरथ बसें हैं। साहिबाबाद डिपो एआरएम राजेश कुमार का कहना है कि प्रदूषण को कम करने के सभी जरूरी उपाय सरकार और विभाग की ओर से जारी हैं। फिलहाल चार ई-बसों का संचालन किया जा रहा है, नए साल से बाकी बसें भी शुरू हो जाएगी।

### डीबेट



गाजियाबाद करंट क्राइम। विश्वेश्वरैया कॉलेज, दादरी के छात्रों ने टीवी चैनल के लाईव डीबेट शो में सक्रिय आत्मविश्वापूर्ण तथा प्रभावशाली सहभागिता करते हुए राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की एंकर पिनाज त्यागी ने सभी विद्यार्थियों की सराहना की। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन सुनील जिंदल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ पूर्णिमा शर्मा, डीन अकादमिक सीएम त्यागी, कल्पना शर्मा, डिप्टी रजिस्ट्रार वैभव त्यागी, डॉ अभयकांत, गार्गी मिश्रा, पूनम तोमर, कमल यादव मौजूद रहे।

## साहिबाबाद में 21 दिसंबर को होगा जाट समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन, तैयारियों को लेकर बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जाट समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज जाट समाज कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 21 दिसंबर को साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया स्थित गोल्डन कैसल पार्टी लॉन में होने वाले परिचय सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में परिचय सम्मेलन के अध्यक्ष अरुण चौधरी भुल्लन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन के लिए अब तक 1000 से अधिक युवक-युवतियों के बायोडाटा प्राप्त हो चुके हैं।

इनमें डॉक्टर, इंजीनियर, मांगलिक, परित्याग, विधवा-विधुर सहित सभी श्रेणियों के योग्य युवक-युवतियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हर वर्ष इस सम्मेलन के माध्यम से सैकड़ों रिश्ते तय होते हैं और इस वर्ष भी सम्मेलन को लेकर समाज में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।



महासचिव धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि परिचय सम्मेलन केवल वैवाहिक उद्देश्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से समाज के होनहार बच्चों, खिलाड़ियों और समाज से चयनित अधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप देने के लिए लगातार बैठकें की जा रही हैं। बैठक में रविंद्र चौधरी और रामकुमार पवार सहित अन्य पदाधिकारी व समाज के लोग भी उपस्थित रहे।

## राजनीतिक दलों की मौजूदगी में डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड़ ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिससे वेयरहाउस की सुरक्षा और पारदर्शिता को लेकर प्रक्रिया सार्वजनिक रूप से संपन्न हुई।





जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में सुरक्षा प्रबंधों, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, साफ-सफाई और रखरखाव की स्थिति को देखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों का हर स्तर पर पालन सुनिश्चित किया जाए और वेयरहाउस से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं हमेशा दुरुस्त अवस्था में रखी जाएं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## क्लैट 2026 में आईएमएस कोचिंग गाजियाबाद की लड़कियों ने मारी बाजी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश की 26 नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज द्वारा आयोजित परीक्षा 'कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट - क्लैट' का परिणाम घोषित हो गया जिसमे गाजियाबाद के आई.एम.एस. कोचिंग के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराते हुए अपने शहर से टॉप रैंक्स हासिल की है। आईएमएस कोचिंग गाजियाबाद के छात्रों में क्लैट की मेरिट सूची में आने वालो में होली चाइल्ड स्कूल से वाणी सिंह (ऑल इंडिया ओबीसी रैंक - 561), डीपीएसजी की अनन्या गर्ग (ऑल इंडिया रैंक - 2412), भगीरथ स्कूल से एंजेल त्यागी (ऑल इंडिया रैंक - 8883), ब्राइटलैंड स्कूल से अजय कुमार, रयान स्कूल से रौनक आदि ने मेरिट में स्थान लाकर अपने परिवार, कोचिंग संस्थान एवं शहर का नाम रोशन किया। आई.एम.एस. कोचिंग गाजियाबाद के डायरेक्टर एवं क्लैट एक्सपर्ट राहुल गोयल ने सफल हुए विद्याथियो को बधाई दी एवं उनको उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी और बताया कि अब अगले चरण में मेरिट सूची के आधार पर ये बच्चे अपने पसंदीदा एनएलयू में काउन्सलिंग के माध्यम से अप्लाई कर सकेंगे व पिछले कुछ साल की कटऑफ को देखा जाए तो इनमे से काफी बच्चो को एनएलयू में स्थान मिलना निश्चित है।

### एनएलयू में होगा चयन



## निवाड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन : सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया नि:शुल्क जांच का लाभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाँव के जरूरतमंद लोगों को उनके द्वार पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज ग्राम निवाड़ी में एक विशाल नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर लायन्स क्लब अतरंग, दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया, जिसके लिए ग्रामवासियों ने विशेष उत्साह दिखाया।शिविर के दौरान विशेषज्ञों द्वारा आँखों की विस्तृत जाँच, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों की जाँच की गई। कैंप में न केवल रोगों की पहचान की गई, बल्कि मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए उचित परामर्श भी दिया गया। गाँव के बुजुर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों ने इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाया। इस पूरे कार्यक्रम का केंद्र बिंदु मयंक त्यागी का फार्महाउस रहा। उन्होंने कार्यक्रम के लिए न केवल स्थान उपलब्ध कराया, बल्कि कैंप में आने वाले डॉक्टरों की टीम और ग्रामीणों के लिए भोजन व अन्य बुनियादी सुविधाओं का बेहतरीन प्रबंध किया। उनके इस समर्पण की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के कई सम्मानित नागरिकों का सहयोग रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे : डॉ. ज्ञानबोध आर्य, अनिल त्यागी (चेयरमैन, नगर पंचायत निवाड़ी), राजकुमार वर्मा (पूर्व चेयरमैन), अरुण त्यागी एवं राकेश त्यागी, सतेंद्र त्यागी एवं अन्य ग्रामवासी। लायन्स क्लब अतरंग, दिल्ली की टीम ने पूरी तन्मयता से ग्रामीणों की सेवा की। क्लब की अध्यक्षा संगीता त्यागी, चार्टर्ड अध्यक्ष मधु वल्ला, रुचि गुप्ता और सदस्य स्वाति त्यागी ने अपनी टीम के साथ मिलकर हर मरीज की बारीकी से जाँच सुनिश्चित की। स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के शिविरों की अत्यंत आवश्यकता है ताकि समय रहते बीमारियों का पता चल सके।

## उजागर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने की सीडीओ अभिनव गोपाल से मुलाकात

### प्रदूषण पर काबू पाने के लिए शहर में एंटी पोल्लुशन टीम बनाने का दिया सुझाव

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रदूषण के कारण शहर का माहौल ऐसा है की सांस लेना भी दुर्भार है। प्रशासन के अनेकों प्रयास के बाद भी प्रदूषण कम होने के बजाए दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। जोकि आज की सबसे गंभीर समस्या है।



इस मुद्दे उजागर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवानी जैन व महासचिव सचिन सोनी ने मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल से मुलकात की फाउंडेशन की अध्यक्ष शिवानी जैन ने सुझाव दिए कि जन सहभागिता ही प्रदूषण को कम/खत्म किया जा सकता है। इसमें शहर के व्यापारिक, सामाजिक, जातिये, संगठनों, आरडब्लूए आदि को जोड़कर एक एंटी पोल्लुशन टीम का गठन किया जाए। जिसका काम प्रदूषण के प्रति आम जन को जागरूक करना व इसे रोकने में प्रशासन की मदद करना हो। मुख्य विकास अधिकारी से मुलाकात संतोषजनक रही व उन्हें फाउंडेशन से प्राप्त सुझावों पर उन्होंने जिला अधिकारी से चर्चा कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

## करेहड़ा नगर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी, करेहड़ा नगर क्षेत्र, गाजियाबाद में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी श्री इश्क लाल एवं श्री विश्वजीत राठी के नेतृत्व में किया गया। इसमें कक्षा 6, 7 एवं 8 के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता रही। प्रतियोगिता के दौरान कक्ष निरीक्षक के रूप में मंजू रावत, किरण, पुष्पा रानी एवं अंजू सैनी उपस्थित रहीं। वहीं पूर्ण सहयोगी के रूप में एसआरजी पूनम शर्मा, विनीता त्यागी तथा एआरपी सुमंत वर्मा परीक्षा के दौरान मौजूद रहे।




## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समर कूल चेयरमैन संजीव गुप्ता का मेहमान नवाजी का अंदाज सबको उनका कायल बना देता है। विनम्रता, सौम्यता और आने वाले का पूरा मान-सम्मान यह संजीव गुप्ता की सबसे बड़ी खूबी है। प्रतिष्ठान प्रतिष्ठा और प्रतिष्ठित लोगों का सम्मान। संजीव गुप्ता की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।






# सीजर ने 40 मीटर दूर से आतंकियों पर बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले में 15 लोगों की जान चली गई। इस वारदात को रोकने में जिस पुलिस अधिकारी ने अहम भूमिका निभाई, अब उनका नाम सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावर को मार गिराने वाले अधिकारी डिटेक्टिव सीनियर कॉन्स्टेबल सीजर बाराजा हैं।



### सादे कपड़ों में ड्यूटी पर तैनात थे सीजर

सीजर बाराजा पिछले 16 साल से पुलिस सेवा में हैं। वह बॉन्डी इलाके में ही तैनात हैं और सादे कपड़ों में ड्यूटी पर थे। घटना के दौरान का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह एक पेड़ के पास खड़े होकर करीब 40 मीटर दूर फुटब्रिज की ओर फायरिंग करते दिखे। इसी कार्रवाई में आतंकी साजिद अकरम मारा गया, जबकि उसका बेटा नवीद अकरम गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया है कि साजिद और नवीद ने हनुक्का कार्यक्रम के दौरान ऊंचाई से हाई-पावर हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस हमले में 15 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

### रियलिटी टीवी शो में कर चुके हैं काम

सीजर बाराजा को उनके साथी सेस के नाम से जानते हैं। वह 2000 के दशक में एक रियलिटी टीवी शो द रिक्रूट्स में भी नजर आ चुके हैं। उस शो में उन्होंने कहा था कि वह पुलिस इसलिए बनना चाहते हैं क्योंकि उन्हें अपराध से नफरत है। उन्होंने बताया था कि पुलिस बनने की ट्रेनिंग कितनी कठिन होती है और इसके लिए वह रोज कड़ी मेहनत करते थे। हालांकि, न्यू साउथ वेल्स पुलिस कमिश्नर ने कहा है कि अभी जांच चल रही है और आधिकारिक तौर पर यह तय किया जा रहा है कि किस अधिकारी की गोली से आतंकी मारा गया। फिर भी, उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों की बहादुरी की खुले दिल से तारीफ की।

### दो युवा पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल

इस हमले में दो युवा पुलिस अधिकारी भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और वे अभी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। पहले अधिकारी 22 वर्षीय प्रोबेशनरी कॉन्स्टेबल जैक हिब्बर्ट हैं, जो महज चार महीने पहले ही पुलिस बल में शामिल हुए थे। उन्हें चेहरे और आंख में गोली लगी, जिससे उनकी एक आंख की रोशनी चली गई है। परिवार ने बताया कि जैक ने घायल होने के बावजूद लोगों की मदद जारी रखी।

### जवानों की बहादुरी को किया गया सलाम

दूसरे घायल अधिकारी कॉन्स्टेबल स्कॉट डायसन हैं, जिन्हें कंधे में गंभीर गोली लगी। उनकी हालत काफी नाजुक थी, लेकिन अब वह स्थिर बताए जा रहे हैं। स्कॉट एक अच्छे खिलाड़ी भी रहे हैं और उनकी साथी भी पुलिस में कार्यरत हैं। वह जल्द पिता बनने वाले हैं। पुलिस अधिकारियों और राज्य सरकार ने दोनों जवानों की बहादुरी को सलाम किया है। कहा गया है कि ये अधिकारी भागे नहीं, बल्कि गोलियों की दिशा में आगे बढ़े। उनके साहस के कारण कई लोगों की जान बच सकी।

## बीच हवा में दो हिस्सों में बंट गया रूसी सैन्य विमान



**नई दिल्ली।** रूस के इवानोवो इलाके में एक एएन-22 सैन्य परिवहन विमान उड़ान के दौरान बीच हवा में दो टुकड़ों में बंट गया। यह विमान तेजी से नीचे गिरता चला गया और जमीन पर आकर ध्वस्त हो गया। 9 दिसंबर को रिकॉर्ड हुए इस हादसे फुटेज में इस भयानक पल को साफ देखा जा सकता है।

यह विमान एक परीक्षण उड़ान पर था। हादसे में विमान में सवार सभी क्रू सदस्यों की मौत हो गई। यह घटना इतनी तेजी से हुई कि बचाव की कोई गुंजाइश नहीं बची है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने इस हादसे की पुष्टि की और बताया कि विमान एक निर्जन इलाके में गिरा है। इससे किसी आम नागरिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक वजह सामने नहीं आई है।

## अमेरिका का 30 से ज्यादा देशों पर यात्रा प्रतिबंध, इमिग्रेशन नीति पर ट्रंप की इतनी सख्ती क्यों?

**अमेरिका।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने इमिग्रेशन पर सख्ती करते हुए अपने ट्रैवल प्रतिबंध का दायरा और अधिक बढ़ा दिया है। अब यह पाबंदी 30 से ज्यादा देशों पर लागू हो गई है। यह फैसला थैंक्सगिविंग वीकेंड के दौरान दो नेशनल गार्ड जवानों पर गोलीबारी के मामले में एक अफगान नागरिक की गिरफ्तारी के बाद लिया गया है। बता दें कि इससे पहले जून में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका आने पर पूरी तरह रोक लगाने और सात देशों पर आंशिक पाबंदी लगाने का एलान किया था। ऐसे में अब अब इस सूची को और बड़ा कर दिया गया है।



मामले में ट्रंप प्रशासन का कहना है कि जिन देशों पर ट्रैवल बैन लगाया गया है, वहां भ्रष्टाचार बहुत ही ज्यादा है, पहचान और नागरिक दस्तावेज भरोसेमंद नहीं हैं, आपराधिक रिकॉर्ड की सही जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाती, कई लोग वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी अमेरिका में रुक जाते हैं, कुछ देश अपने नागरिकों को वापस लेने से इनकार करते हैं और कई जगह सरकार व सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है, जिससे यात्रियों की ठीक से जांच करना मुश्किल हो जाता है।

### किन 12 देशों पर पहले से पूरी पाबंदी थी?

बात अगर उन 12 देशों की करें, जिनपर पहले से ही पाबंदी थी उनमें अफगानिस्तान, म्यांमार (बर्मा), चाड, रिपब्लिक ऑफ कांगो, इक्वेटोरियल गिनी, इरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन का नाम शामिल है। अब नए फैसले के तहत इन पांच देशों पर भी पूरी रोक लगा दी गई है, जिनमें बुर्किना फासो, माली, नाइजर, साउथ सूडान और सीरिया का नाम शामिल है। इसके अलावा फलस्तीनी अथॉरिटी द्वारा जारी यात्रा दस्तावेज रखने वाले लोगों को भी इस सूची में शामिल किया गया है।

### किसे मिलेगी छूट, ये भी समझिए?

गौरतलब है कि इस नए आदेश में सख्ती के अलावा के कुछ छूट का भी जिक्र किया गया है। इस नए आदेश में अमेरिका के स्थायी निवासियों (ग्रीन कार्ड धारकों), पहले से वैध वीजा रखने वालों, खिलाड़ियों, राजनयिकों और कुछ विशेष वीजा श्रेणियों को छूट दी गई है। साथ ही उन लोगों को भी अनुमति मिल सकती है जिनकी एंट्री को अमेरिका के राष्ट्रीय हित में माना जाएगा। हालांकि पारिवारिक आधार पर मिलने वाले कुछ वीज नियमों को सख्त किया गया है, लेकिन हर मामले की अलग-अलग जांच के बाद छूट संभव होगी।

### पूरी पाबंदी में बदले गए आंशिक रोक वाले देश

इतना ही नहीं लाओस और सिएरा लियोन पर अब पूरी पाबंदी लागू कर दी गई है, जो पहले आंशिक रोक में थे। वहीं बात अगर उन देशों की करें, जिनपर आंशिक पाबंदी जारी रहेगी, उनमें पहले से बुरुंडी, क्यूबा, टोगो और वेनेजुएला का नाम शामिल है। वहीं नई सूची में 15 देशों का नाम जोड़ा गया है। इनमें अंगोला, एंटीगुआ और बारबुडा, बेनिन, कोट डी आइवर, डोमिनिका, गैबॉन, गाम्बिया, मलावी, मॉरिटानिया, नाइजीरिया, सेनेगल, तंजानिया, टोंगा, जाम्बिया और जिम्बाब्वे का नाम शामिल है। वहीं तुर्कमेनिस्तान के नागरिकों पर गैर-आप्रवासी वीजा की पाबंदी हटा ली गई है क्योंकि इस देश ने अमेरिका के साथ सहयोग बढ़ाया है।

### बांग्लादेश में अशांति के चलते भारत का बड़ा फैसला

# ढाका में बंद किया गया वीजा आवेदन केंद्र

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारत ने बुधवार को अपना भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) अस्थायी रूप से बंद कर दिया। यह केंद्र ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क में स्थित है और राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं का मुख्य, एकीकृत केंद्र माना जाता है।




### बुधवार को दोपहर 2 बजे के बाद बंद किया गया केंद्र

आईवीएसी ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा हालात को ध्यान में रखते हुए बुधवार को दोपहर 2 बजे के बाद केंद्र बंद कर दिया गया। केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों की आज आवेदन जमा करने की अपॉइंटमेंट थी, उनकी तारीख आगे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी।

इससे पहले नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह को तलब किया। मंत्रालय ने ढाका में भारतीय मिशन के आसपास कुछ कट्टरपंथी तत्वों द्वारा सुरक्षा माहौल बिगाड़ने की कथित योजनाओं पर गंभीर चिंता जताई।

### 'अंतरिम सरकार करे भारतीय मिशनों और कार्यालयों की सुरक्षा'

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत को उम्मीद है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अपने राजनयिक दायित्वों के तहत वहां स्थित भारतीय मिशनों और कार्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। साथ ही, बांग्लादेश में बिगड़ते सुरक्षा माहौल को लेकर भारत की कड़ी चिंता से भी दूत को अवगत कराया गया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब क्षेत्रीय सुरक्षा और राजनयिक संस्थानों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता बढ़ गई है। भारत ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अपने नागरिकों और मिशनों की सुरक्षा उसके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# जर्मनी दौरे पर राहुल, सरकार पर लगाया पसंदीदा उद्योपतियों को फायदा पहुंचाने का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी जर्मनी दौरे पर हैं। बुधवार को वह बर्लिन हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान भारतीय प्रवासी कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा भी उनके साथ नजर आए।



इससे पहले, उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह हर क्षेत्र में 'एकाधिकार या दो कंपनियों का दबदबा' बना रही है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की कमान फिर से छोटे और मझोले उद्योगों यानी एमएसएमई के हाथ में दी जानी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान उनकी मुलाकात आइसक्रीम निमार्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से हुई। उनकी समस्याएं सुनने के बाद यह साफ हो गया कि सरकार अपने पसंदीदा बड़े उद्योगपतियों के फायदे के लिए छोटे कारोबारों को खत्म करने पर तुली हुई है।

### 'पसंदीदा उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाना चाहती सरकार'

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने व्हाट्एप चैनल पर हिंदी में लिखा, एकाधिकार या दो कंपनियों का दबदबा भारत के लिए अभिशाप है और मोदी सरकार हर क्षेत्र और हर उद्योग में यही कर रही है। उन्होंने कहा, जन संसद के दौरान मेरी मुलाकात छोटे और मझोले आइसक्रीम निमार्ताओं से हुई। उनसे बात करके यह साफ हो गया कि सरकार छोटे कारोबारों को नुकसान पहुंचाकर अपने पसंदीदा उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाना चाहती है। राहुल गांधी ने कहा कि इन छोटे आइसक्रीम निमार्ताओं के ग्राहक देश के गरीब और निचले मध्यम वर्ग के लोग होते हैं। उन्होंने बताया कि देशभर में ऐसे हजारों छोटे आइसक्रीम निमार्ता हैं, जो लाखों लोगों को रोजगार देते हैं।

# कनाडाई शिष्टमंडल के वेस्ट बैंक जाने पर रोक

## इस्राइल का आरोप- आतंकी संगठन से संबंध




### दावा- इस्राइली अधिकारियों ने सांसदों को दिया धक्का

मामले में इकरा खालिद ने कहा कि जब वह अपने दल के एक सदस्य की मदद के लिए आगे बढ़ीं, तब उन्हें धक्का दिया गया। यह घटना एलेनबी बॉर्डर क्रॉसिंग पर हुई, जो जॉर्डन और इस्राइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के बीच स्थित है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों को पता था कि वह सांसद हैं, क्योंकि उनके पास विशेष सरकारी पासपोर्ट था, जो आम कनाडाई पासपोर्ट से अलग दिखता है।

**इस्राइल का कहना है कि इस संगठन को ज्यादातर फंडिंग इस्लामिक रिलीफ कनाडा से मिलती है, जो इस्लामिक रिलीफ वर्ल्डवाइड से जुड़ा हुआ है। इस्राइल इस पूरी संस्था को आतंकी संगठन मानता है।**

**इस्राइल।** इस्राइल ने मंगलवार को कनाडा से आए एक निजी प्रतिनिधिमंडल को कब्जे वाले वेस्ट बैंक में प्रवेश करने से रोक दिया। इस दल में कनाडा की संसद के छह सदस्य (सांसद) शामिल थे। कनाडा में इस्राइल के दूतावास ने कहा कि इस समूह को इसलिए रोका गया क्योंकि इसके कुछ संबंध इस्लामिक रिलीफ वर्ल्डवाइड नाम की संस्था से बताए जा रहे हैं। इस्राइल इस संस्था को आतंकी संगठन मानता है। इस मामले पर कनाडा की विदेश मंत्री अनिता आनंद ने सोशल मीडिया पर कहा कि कनाडा सरकार ने अपने नागरिकों, खासकर सांसदों, के साथ हुए इस बर्ताव पर आपत्ति जताई है।

इतना ही नहीं कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी की ओंटारियो से सांसद इकरा खालिद ने सीमा पर खड़े इस्राइली सुरक्षाकर्मियों पर धक्का-मुक्की का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वह भी इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस्राइली सीमा अधिकारियों ने उन्हें कई बार धक्का दिया। वहीं इस घटना पर इस्राइली दूतावास ने बताया कि इस्राइल उन लोगों और संगठनों को देश में प्रवेश की अनुमति नहीं देगा, जिनका संबंध घोषित आतंकी संगठनों से है। इस प्रतिनिधिमंडल को 'कनाडाई-मुस्लिम वोट' नाम के संगठन ने प्रायोजित किया था। यह समूह वेस्ट बैंक में विस्थापित फलस्तीनियों से मिलने वाला था। इस्राइल का कहना है कि इस संगठन को ज्यादातर फंडिंग इस्लामिक रिलीफ कनाडा से मिलती है, जो इस्लामिक रिलीफ वर्ल्डवाइड से जुड़ा हुआ है। इस्राइल इस पूरी संस्था को आतंकी संगठन मानता है।

### कनाडा ने जताई नाराजगी

वहीं इस मामले में कनाडा में नेशनल काउंसिल ऑफ कनाडियन मुसलिम्स ने कहा कि इस्राइल द्वारा कनाडा के सांसदों को प्रवेश न देने से पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। ब्रिटिश कोलंबिया से न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद जेनी क्वान ने बताया कि पूरे प्रतिनिधिमंडल के पास वेस्ट बैंक में प्रवेश के लिए जरूरी इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल अनुमति थी, लेकिन इसे हमारे पहुंचने वाले दिन ही रद्द कर दिया गया।

### कनाडा का बदला रुख, समझिए कैसे?

गौरतलब है कि पिछले साल सितंबर में कनाडा ने कुछ अन्य देशों के साथ मिलकर फलस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी थी। यह कनाडा की नीति में एक बड़ा बदलाव था और अमेरिका ने इसका विरोध किया था।

उस समय कनाडा ने कहा था कि उसे उम्मीद है कि यह कदम दो-राष्ट्र समाधान की दिशा में मदद करेगा, जिसमें इस्राइल और फलस्तीन दोनों शांति से साथ रह सकें।

# 'हम दोनों इस संघर्ष का दर्द समझते हैं...'

## दिल्ली की हवा सुधारने के लिए चीन ने दिए ये सुझाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली और उत्तर भारत के बड़े इलाके इन दिनों घने जहरीले धुंध की चपेट में हैं। मंगलवार दोपहर 4 बजे दिल्ली का अदक437 तक पहुंच गया था, जबकि बुधवार सुबह 8 बजे यह 370 था। सांस लेना मुश्किल हो रहा है, स्कूल बंद हो रहे हैं और लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं।



इसी बीच चीन की दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली, जिसमें बीजिंग की साफ हवा की तारीफ करते हुए दिल्ली की खराब स्थिति से तुलना की गई। चीनी दूतावास के प्रवक्ता यू जिंग ने सोमवार शाम को लिखा, चीन और भारत दोनों तेज शहरीकरण के बीच वायु प्रदूषण के संघर्ष को अच्छी तरह जानते हैं। उन्होंने बीजिंग और आसपास के इलाकों के अदकी तस्वीरें शेयर कीं, जहां हवा की गुणवत्ता मध्यम स्तर की थी। वहीं दिल्ली और एनसीआर का एक्यूआई 447 तक पहुंच चुका था, जो खतरनाक श्रेणी में आता है।

यू जिंग ने कहा कि यह फर्क चीन के पिछले एक दशक के लगातार प्रयासों का नतीजा है। उन्होंने लिखा, हम एक छोटी सीरीज शेयर करेंगे, जिसमें बताया जाएगा कि चीन ने वायु प्रदूषण से कैसे मुकाबला किया। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। कई यूजर्स ने इस पेशकश का स्वागत किया और दिल्ली की खराब हवा की हालत पर चिंता जताई।

### चीन ने कैसे जीती प्रदूषण की जंग?

चीन ने 2013 में 'प्रदूषण पर युद्ध' घोषित किया और राष्ट्रीय स्वच्छ हवा एक्शन प्लान शुरू किया। इसमें क्षेत्रीय लक्ष्य तय किए गए और स्थानीय अधिकारियों पर इन्हें पूरा करने का दबाव डाला गया। खास तौर पर पीएम 2.5 के स्तर को कम करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही अदककी निगरानी को मजबूत किया गया। सबसे महत्वपूर्ण कदम डेटा में किसी तरह की छेड़छाड़ रोकना था। कोयले का इस्तेमाल, खासकर छोटे घरों में गर्मी के लिए, प्रदूषण का बड़ा कारण था। चीन ने बीजिंग को कोयले से दूर करके गैस आधारित बिजली और हीटिंग प्लांट पर शिफ्ट किया। चीन ने वाहनों के उत्सर्जन पर भी कड़ा नियंत्रण किया। ईंधन और वाहनों के नए मानक लागू किए गए। साथ ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाया गया ताकि लोग निजी गाड़ियों की बजाय बस-मेट्रो का इस्तेमाल करें। निजी कारों की संख्या को भी नियंत्रित किया गया।

# भारत और इस्राइल की साझेदारी को नई ऊंचाई देने पर जोर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों इस्राइल के दौरे पर हैं। उनका ये दौरा भारत और इस्राइल के रिश्तों को और मजबूती देने की दिशा में बड़ा कूटनीतिक कदम माना जा रहा है। इस दौरान भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि भारत और इस्राइल की रणनीतिक साझेदारी आगे और मजबूत होगी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि उन्होंने नेतन्याहू को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं भी दीं है।



जयशंकर और नेतन्याहू ने तकनीक, आर्थिक क्षेत्र, कौशल और प्रतिभा, कनेक्टिविटी और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। नेतन्याहू ने भी जयशंकर से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में काम जारी रहेगा।

### आतंकवाद पर भारत-इस्राइल की सख्त नीति

जयशंकर ने सिडनी के बॉन्डी बीच पर हनुक्का समारोह के दौरान हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत और इस्राइल दोनों ही आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हैं। जयशंकर ने इस्राइल को भारत के आतंकवाद विरोधी संघर्ष में लगातार समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के हर रूप और स्वरूप के खिलाफ दोनों देश एकजुट हैं।

### निर बरकास से की मुलाकात

पीएम के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को यरूशलम में इस्राइल के अर्थव्यवस्था और उद्योग मंत्री निर बरकात से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच निवेश, नवाचार और व्यापारिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। जयशंकर ने भरोसा जताया कि भारत-इस्राइल मुक्त व्यापार समझौता जल्द पूरा होगा, जिससे आर्थिक साझेदारी को नई गति मिलेगी।

दो दिन के इस्राइल दौरे पर पहुंचे जयशंकर ने देश के शीर्ष नेतृत्व से भी बातचीत की। उन्होंने इस्राइल के विदेश मंत्री गिडियन साअर, राष्ट्रपति इसहाक हरजोग और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेतन्याहू के बीच फोन पर बातचीत हुई थी, जिसके बाद इस्राइली प्रधानमंत्री ने जल्द मुलाकात का संकेत दिया था। जयशंकर ने निर बरकात के साथ बैठक के बाद कहा कि दोनों देशों ने निवेश और नवाचार सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि भारत-इस्राइल मुक्त व्यापार समझौता जल्द पूरा होने से आर्थिक साझेदारी को बड़ा लाभ मिलेगा। दोनों देश तकनीक, स्टार्टअप, उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में एक-दूसरे के पूरक हैं और इसका लाभ उठाने की जरूरत है।

# गिरती जनसंख्या से चिंता में चीन, अब गर्भ निरोधक उत्पादों पर लगाएगा टैक्स

**बीजिंग।** गिरती जनसंख्या से चिंतित चीन गर्भ निरोधक उत्पादों पर टैक्स लगाएगा। यह कदम उन्हें अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के उठाया जा रहा है। चीन ने दशकों से परिवारों को एक बच्चे तक सीमित रखा है। तीन दशकों में पहली बार होगा जब गर्भ निरोधक उत्पादों पर पर मूल्य वर्धित कर (वैल्यू एडेड टैक्स) वसूला जाएगा।

नवीनतम मूल्य वर्धित कर कानून के अनुसार, एक जनवरी से ये उत्पाद कर-मुक्त नहीं होंगे। कंडोम जैसे उत्पादों पर 13 प्रतिशत मूल्य वर्धित कर लागू होगा ।जानकारी सामने आने के साथ ही यह चीनी इंटरनेट मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है।

कुछ लोगों का कहना है कि जो लोग यह नहीं जानते कि बच्चे का पालन-पोषण करना कंडोम के इस्तेमाल से कहीं अधिक महंगा है, वे मूर्ख ही होंगे, भले ही उन पर कर लग जाए। विशेषज्ञ गर्भनिरोधकों की बढ़ती लागत के कारण अनियोजित गर्भधारण और यौन संचारित रोगों में संभावित वृद्धि को लेकर चिंता जता रहे हैं।

सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी की पूर्व एक-बच्चा नीति लगभग 1980 से 2015 तक लागू रही, जिसमें भारी जुमार्ना और अन्य दंड शामिल थे। कभी-कभी जबरन गर्भपात भी कराया जाता था।

वर्जीनिया विश्वविद्यालय के जनसांख्यिकी अनुसंधान समूह के निदेशक कियान कै ने कहा, "उच्च प्रजनन दर को प्रोत्साहित करने पर कर का प्रभाव बहुत सीमित होगा। जो दंपति बच्चे नहीं चाहते या अतिरिक्त बच्चे नहीं चाहते, उन्हें गर्भनिरोधकों पर 13 प्रतिशत कर प्रभावित नहीं कर पाएगी।

-:सार्वजनिक सूचना:-

## गजियाबाद नगर निगम, मोहन नगर जोन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भवन सं0-3/46 मोहल्ला सै0-5, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद पिन सं0-MN4387 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्पत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम श्री प्रेम नव्यर, रघु नय्यर एवं विनित नय्यर के स्थान पर श्री रघु नय्यर एवं विनित नय्यर पुत्र स्व० चरन प्रसाद नय्यर के द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु गृह स्वामी का मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र, पहचान-पत्र, पारिवारिक सदस्यों की सूची/वारीसान प्रमाण-पत्र/वसीयतनामा एवं निर्धारित नाम परिवर्तन शुल्क जमा कर ऑन-लाईन आवेदन किया गया है।

आवेदक/आवेदिका के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर भवन सं0-3/46 मोहल्ला सै0-5, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर नाम परिवर्तन किये जाने से पूर्व नियमानुसार नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा-213(1-बी) का नोटिस सम्बन्धित पक्षों को पूर्व में दिनांक 15.10.2025 को जारी किया जा चुका है।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/आवेदिका श्री रघु नय्यर एवं विनित नय्यर पुत्र स्व० चरन प्रसाद नय्यर का नाम भवन सं0-3/46 मोहल्ला सै0-5, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**कर अधीक्षक मोहन नगर जोन**

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# महापौर ने शहर में 2 करोड़ 11 लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क और गली निर्माण कार्यों को गति देते हुए महापौर सुनीता दयाल ने करीब 2 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इन कार्यों के अंतर्गत आरसीसी सड़क निर्माण और इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने जैसे कार्य शामिल हैं, जिनसे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान वार्ड 16 में मेरठ रोड से खेतान स्कूल होते हुए गढ़ी गांव को जाने वाले मार्ग पर 1 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से आरसीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा वार्ड 50 के सरस्वती विहार की गली नंबर 4, वार्ड 31 घुकना क्षेत्र, वार्ड 50 राजनगर एक्सटेंशन स्थित सिहानी रोड, वार्ड 32 बीएस कंपाउंड तथा सिहानी नूर नगर की दीपक कॉलोनी में इंटरलॉकिंग टाइल्स के विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया गया, जिनकी लागत 3 लाख 97 हजार से लेकर 13 लाख 88 हजार रुपये तक है।

महापौर के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने जयघोष के साथ उनका स्वागत किया और शहर को कब्जा मुक्त एवं साफ-सुथरा बनाने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान निगम अधिकारियों को कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए।





## विकास कार्यों का विवरण

**करंट क्राइम।** वार्ड 16 में मेरठ रोड से खेतान स्कूल होते हुए गढ़ी गांव तक आरसीसी सड़क निर्माण (लागत लगभग 1.70 करोड़ रुपये) के साथ वार्ड 50 सरस्वती विहार, वार्ड 31 घुकना, वार्ड 50 राजनगर एक्सटेंशन, वार्ड 32 बीएस कंपाउंड और सिहानी नूर नगर क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाइल्स के कई कार्य शामिल हैं। सभी कार्यों की कुल लागत लगभग 2 करोड़ 11 लाख रुपये है।

## जनता ने जताई संतुष्टि

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में मौजूद स्थानीय लोगों ने शहर में लगातार हो रहे विकास कार्यों, सड़कों की स्थिति में सुधार और कब्जा मुक्त अभियान को लेकर महापौर की प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि लंबे समय से लंबित समस्याओं पर अब ठोस कार्रवाई दिखाई दे रही है।

## गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी इंजीनियर और ठेकेदार विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि शहर के हर क्षेत्र में आवश्यकता के अनुसार कार्य कराए जा रहे हैं और जनता को साफ, मजबूत और टिकाऊ सड़कें मिलना प्राथमिकता है।

**शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोग :** पार्षद सुभाष चौधरी, नितिन कुमार, सुमनलता पाल, राजीव डागर, जयवीर सिंह, प्रविन्द शर्मा, सोमपाल शर्मा, प्यारेलाल शर्मा, लीलू त्यागी, नितिन त्यागी, प्रवेश शर्मा, कालू, राजपाल राघव, शिवमोहन गर्ग, अरुण कुमार श्रीवास्तव, करुणा जी सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमेशा करते हो आप पुरूषों की बात? कुछ बता दो महिला राजनीति के भी हालात? पूछो तो जरा मैडम किरन सिंह का हाल? क्या उनका बन पाया है गाजियाबाद में बूंदी जिले जैसा माहौल? क्या अभी तक मिली है उन्हें इतनी लंबी राजनीति करने के बाद गाजियाबाद में कोई जिम्मेदारी? या फिर खेल रहीं हैं वो अब खामोश वाली पारी? सुना है सीएम से मुलाकात नहीं होने का दर्द उन्होंने भी किया था फेसबुक पर जारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर आप गहराई से देखो तो इन भगवा महिला नेता के करियर पर चल रही है लंबे समय से आरी? समझ तो गये होंगे आप ये मैडम है नदिया पार की भंडारी? कभी इन्होंने खेली थी महिला अध्यक्ष वाली पारी? फिर इसके बाद पार्टी ने उनको किया था पार्षद का टिकट जारी? मगर इसके बाद मामला कुछ साईलेंट चल रहा है? पता चला है फिलहाल तो ये उतार रहीं हैं ठेके वाले की खुमारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सवालों में पूछ लेना भगवा मैडम उदिता जी से भी उनके दिल की बात? चर्चा करना क्या वो अब राजनीति वाली पारी खेलना चाहती हैं साहब? सुना है उन्होंने खुद को कर लिया है अध्यात्म में व्यस्त? शायद अब वो नहीं दे पा रहीं हैं राजनीति में वक्त? वैसे भी हमें अंदर से पता चली है ये बात? जब तक योद्धा के हाथ में है संगठन? तब तक मैडम त्यागी नहीं करेंगी महानगर की टीम में आने की बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम क्रासिंग वाली मैडम राय की भी जानना चाहते हैं प्रीत? क्या जिस चुनाव में वो प्रदेश अध्यक्ष वोट नहीं दे पाईं? उस सम्मान को मान लिया है उन्होंने हमेशा के लिए ठीक? या फिर वो कुछ और भी करेंगी बड़ा पद लेने के प्रयास? कहने वाले ने कहा ये सम्मान तो एक दिन के लिए मिला था? अभी तो पूरी राजनीति उनके सामने खड़ी है साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या इस बार महानगर की टीम में काट पायेंगी महामंत्री वाला फीता? क्या इस मुकाम पर पहुंच पायेंगी इस बार मैडम रनिता? क्या भगवा योद्धा देंगे उनको इस प्रमुख पद पर स्पेस? या फिर लेकर आयेंगे वो कोई और ही फेस? कहने वाले ने कहा अगर उठाकर देखें मैडम सिंह की राजनीति का इतिहास? हर पन्ने पर दिखाई देगी उनकी सक्रियता? उन्होंने मेहनत ही इतनी की है साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक टाईम इन क्रासिंग वाली मैडम की राजनीति दिखाई देती थी जागी? पता ही नहीं चल रहा आजकल क्या कर रहीं हैं मैडम सोनिका नागी? सुना है संभाल रही है ये इस वक्त न्यूमरोलॉजी वाला काम? सामने वाले को जब ये बताती हैं उसका भविष्य? तब खड़े हो जाते हैं उसके कान? हम तो चाहते हैं कि राजनीति को लेकर क्या बता रहा है मैडम नागी का नंबर? अच्छा लगेगा हमें अगर बता देंगी, क्योंकि साल का आखिरी महीना चल रहा है जिसे कहते है दिसम्बर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक समय में जिस मैडम ने भाजपा के सदस्य बनाने में तोड़े थे प्रदेश भर के रिकार्ड? सुना है जैसे-जैसे अध्यक्ष बदले? मामला उनके लिए होता चला गया हार्ड? किसी भी नए अध्यक्ष ने नहीं दिया इस चेहरे को रिवार्ड? कहने वाले ने कहा कि ऐसे सक्रिय चेहरों पर भी पार्टी को फिर से करना होगा विचार? जिन्होंने सत्ता के बिना संघर्ष करके दिखाया है? उनका बढ़ाना होगा मयार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर आप यहां पर कर रहे हो सक्रिय कार्यकर्ता की बात? तो फिर आप उठाकर देख लो मैडम प्रियंका पांडेय का इतिहास? इस चेहरे को भी लंबे समय से नहीं दी है पार्टी ने शाईन? अध्यक्ष बदलते रहे लेकिन किसी ने इनका मजबूत नहीं किया टाईम? अब बदले हैं प्रदेश अध्यक्ष तो हमें ये उम्मीद जगी है यार? या तो इनको नामित वाली जिम्मेदारी मिले? या फिर संगठन के मजबूत पद पर हो इनका अवतार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक समय भाजपा में सक्रियता की इस महिला चेहरे ने पेश की थी मिसाल? समझ तो गये होंगे आप ये मैडम है मिसेज रूबी अग्रवाल? पार्टी के हर आयाम में करती थी मजबूती से काम? मगर जैसे-जैसे समय बदला, बदलते हुए अध्यक्षों ने नहीं रखा इनका ध्यान? हमें पता है अब भी कुछ नहीं बन रही है इनके लिए संगठन में आने की उम्मीद? ये भगवा कमांडर को मानती हैं भाई? अब देखते हैं अपने प्रतिद्वंदी के यहां पर इनकी जगह बना पाते हैं थोड़ी या ज्यादा ठीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक टाईम पर इन मैडम ने बरेली विधानसभा से विधायक का टिकट मांग कर दिखाई थी अपनी शक्ति? मगर उसके बाद से इनकी राजनीति में दिख रही है हमें अनदेखी वाली सख्ती? समझ तो गये होंगे आप ये हैं भगवा मैडम भक्ति? सुना है आजकल इनके भी कुछ खास नहीं हो रहे हैं दीदार? जबकि मजबूत रहा है इनका भी किरदार? देखना अब ये है कि कौन करता है इनके नाम पर विचार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर डीएम की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के संबंध में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 16 दिसंबर 2025 तक 63.53 प्रतिशत मतदाताओं के गणना फार्म बीएलओ द्वारा डिजिटाइज किए जा चुके हैं, जबकि कुल कार्य 98.88 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। वर्ष 2003 से अब तक 69.33 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग भी की जा चुकी है।

जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जिन मतदाताओं को अब तक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, उनके लिए 26 दिसंबर 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। बीएलओ द्वारा अनुपस्थित, मृत, स्थायी रूप से शिफ्टेड एवं डुप्लीकेट मतदाताओं से संबंधित अरऊ सूची डीईओ की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है, जिसकी प्रति राजनीतिक दलों को भी उपलब्ध करा दी गई है।

यदि ASD सूची में किसी पात्र मतदाता का नाम त्रुटिवश शामिल हो गया है तो उसे संबंधित ईआरओ के संज्ञान में लाने पर 26 दिसंबर से पहले रोल बैक कराकर गणना फार्म डिजिटाइज कराया जाएगा, जिससे नाम 31 दिसंबर 2025 को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट रोल में शामिल हो सके।

बैठक में यह भी बताया गया कि जिन व्यक्तियों का नाम वर्ष 2025 की मतदाता सूची में नहीं है, वे फार्म-6 एवं घोषणा पत्र के साथ जन्म और पते से संबंधित दस्तावेज जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु के नए मतदाताओं के नाम भी फार्म-6 के माध्यम से सूची में जोड़े जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन के लिए http://voter.eci.nic.in और Voter Portal App का उपयोग किया जा सकता है।

बैठक में बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# नगर आयुक्त ने आईटीएमएस बिल्डिंग का लिया जायजा 15 दिन में प्रोजेक्ट शुरू करने के निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने गाजियाबाद नगर निगम में पूर्ण हो चुकी आईटीएमएस (इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) बिल्डिंग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने आईटीएमएस संचालन के लिए बनी बिल्डिंग में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को नए सिरे से स्थापित और व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक ही परिसर से ट्रैफिक मैनेजमेंट के साथ-साथ म्युनिसिपल सर्विसेज को भी संचालित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने ट्रैफिक प्रबंधन के लिए लगाए गए सर्वर, स्क्रीन और डेस्कटॉप की व्यवस्थाओं को देखा और टीम को निर्देश दिए कि 15 दिन के भीतर प्रोजेक्ट शुरू करते हुए जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह से आईटीएमएस के माध्यम से ट्रैफिक चालान की कार्यवाही प्रारंभ की जाए। उन्होंने कहा कि आईटीएमएस के प्रभावी संचालन से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार आएगा और नियमों के पालन को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## जनवरी 2026 के पहले सप्ताह से आईटीएमएस के जरिए ट्रैफिक चालान
## 1500 कैमरे होंगे कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से इंटीग्रेट



## आईटीएमएस से जुड़े प्रमुख निर्देश

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने आईटीएमएस बिल्डिंग में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को पूरी तरह सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रैफिक मैनेजमेंट के साथ-साथ नगर निगम की अन्य सेवाओं को भी इसी सेंटर से जोड़ा जाए, जिससे शिकायतों और समस्याओं का समाधान एक ही स्थान से संभव हो सके।

## 1500 कैमरे होंगे इंटीग्रेट, 350 नए लगेंगे

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगे 1500 कैमरों को एक सप्ताह के भीतर कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से इंटीग्रेट करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 350 नए कैमरे आवश्यक स्थानों पर शीघ्र लगाने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कैमरों के माध्यम से ट्रैफिक और अन्य गतिविधियों पर ऑनलाइन निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

## एक ही छत के नीचे मिलेंगी सेवाएं

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि जनहित को ध्यान में रखते हुए 311 एप्लीकेशन, कंट्रोल रूम और व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम को भी आईटीएमएस बिल्डिंग में एकीकृत किया जाए। इसके लिए नगर निगम, विद्युत विभाग, यातायात विभाग, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य संबंधित विभागों को 10 दिन के भीतर प्रोजेक्ट प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

**वरिष्ठ लोगों की रही मौजूदगी :** निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, डॉक्टर अनुज सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं इफकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से मोहित गिरधर (प्रोजेक्ट मैनेजर), राजीव भारद्वाज (प्रोजेक्ट इंचार्ज) और विकास कुमार भी मौके पर मौजूद रहे।

# नियति का क्रूर प्रहार, एक ही सुबह उजड़ गया पत्रकार का संसार : अजय गुप्ता

## वरिष्ठ पत्रकार गौरव शशि नारायण के पिता और पत्नी की एक साथ मौत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कहते हैं कि सुबह की पहली किरण नई उम्मीदें लेकर आती है, लेकिन वरिष्ठ पत्रकार गौरव शशि नारायण के लिए बुधवसार की सुबह उनके जीवन का सबसे काला अध्याय साबित हुई। कुदरत ने उनके परिवार पर ऐसा कहर ढाया कि चंद पलों के भीतर ही हँसता-खेलता घर मातम के सन्नाटे में तब्दील हो गया। घर की रसोई से चाय की खुशबू आ रही थी और सात साल का मासूम बेटा अपनी स्कूल की किताबें ढूँढ रहा था, तभी काल ने एक साथ दो जिंदगियां छीन लीं।

**एक ही पल में टूटे दुखों के पहाड़ :** घटनाक्रम के अनुसार, सुबह अचानक पत्रकार शशि नारायण के पिता की तबीयत बिगड़ी। जब तक परिवार कुछ समझ पाता या उपचार की व्यवस्था करता, उन्होंने दम तोड़ दिया। घर में चीख-पुकार मच गई। पति और ससुर की सेवा में समर्पित पत्नी गरिमा नारायण इस वियोग को सहन नहीं कर सकीं। अपने सात साल के मासूम बेटे को सीने से लगाकर उन्होंने बस इतना ही कहा कि ₹दादाजी अब दुनिया में नहीं रह और एक हिचकी के साथ उन्होंने भी प्राण त्याग दिए।





**सन्न रह गए लोग, गमगीन हुआ माहौल :** आस-पास के लोग और रिश्तेदार यह समझ ही नहीं पा रहे थे कि यह दिल का दौरा था या अपनों को खोने का गहरा सदमा। कुछ ही मिनटों के अंतराल पर पिता और पत्नी की मृत्यु ने शशि नारायण के संसार को उजाड़ कर रख दिया। अब परिवार में केवल शशि नारायण और उनका सात वर्षीय मासूम बेटा रह गए हैं, जिसके सिर से मां और दादा दोनों का साया एक साथ उठ गया है।

**समाज में शोक की लहर :** इस दुखद समाचार से पत्रकार जगत और स्थानीय समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। समाजसेवी अजय गुप्ता ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि नियति इतनी बेरहम भी हो सकती है, इसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी।

जो चेहरा हमेशा मुस्कुराहट से भरा रहता था, आज वहां सिवाय खामोशी और आंसुओं के कुछ शेष नहीं है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे और गौरव शशि नारायण व उस मासूम बच्चे को इस अपार कष्ट को सहने की शक्ति दे।



## शुभकामनाएं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी एवं पार्षद कालीचरण पहलवान ने पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा प्रदेश में पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी।

# ऑल इंडिया मैन्युफैक्चरर्स ऑर्गेनाइजेशन ने श्रीनाथ पासवान को किया सम्मानित

## ज्वाइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज बनाए जाने पर गाजियाबाद के उद्यमियों ने जताया सम्मान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ऑल इंडिया मैन्युफैक्चरर्स ऑर्गनाइजेशन द्वारा बुधवार को संगठन कार्यालय पर गाजियाबाद के जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त रहे श्रीनाथ पासवान को ज्वाइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गाजियाबाद के अनेक उद्यमियों ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ एआईएमओ के अध्यक्ष उपेन्द्र गोयल के नेतृत्व में दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों को शाल एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्यमियों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि श्रीनाथ पासवान की कार्यशैली सदैव सहयोगपूर्ण रही है, जिसके चलते सरकार और उद्यमियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ और उद्योग जगत को समय-समय पर इसका लाभ मिला।

अपने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए श्रीनाथ पासवान ने कहा कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोगपूर्ण भावना के साथ कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में उपेन्द्र गोयल, वेदप्रकाश बंसल, संजीव कुमार गुप्ता, संजीव सचदेव, अनिल गर्ग (कजारिया वाले), रामोतार जिंदल, शुशील अरोड़ा, अनिल गुप्ता, ब्रजेश चौधरी, आदिनाथ गुप्ता, मंजीत सिंह, सुरेन्द्र अरोड़ा, आलोक मित्तल, एस.पी. चौहान, विक्रांत कुमार सहित अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।